हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 16 जुलाई 2024



# परिसीमन बाद बदले हालात: शहर के 23 वार्डों की सीमाएं परिवर्तित, 28 की यथावत..वार्ड क्रं 20 में सर्वाधिक जनसंख्या, कैलाश नगर सबसे छोटा

## साल के अंत में होने हैं निकाय चुनाव, परिसीमन के बाद बदल गई वार्डों की परिस्थितियां, अब दावा-आपत्ति का समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

साल के अंत में होने वाले निकाय चुनाव से पहले परिसीमन की प्रक्रिया के तहत नगर निगम राजनांदगांव के वार्डों की बदली सीमाओं का प्रथम प्रकाशन कर दिया गया है। शहर के 51 वार्डों में से 23 वार्ड की सीमाओं में इस बार परिवर्तन किया गया है। वहीं 28 वार्ड ऐसे रहे जो बिना बदलाव यानी यथावत रखे गए हैं।

वहीं 4098 मतदाताओं के साथ वार्ड क्रमांक 20 अब सबसे बड़ा वार्ड बन गया है। वहीं दो हिस्सों में बंटने के बाद वार्ड क्रमांक 30 कैलाश नगर 2183 मतदाता के साथ सबसे कम वोटरों वाला वार्ड है। वहीं वार्ड क्रमांक 21 मेडिकल वार्ड को इस बार परिसीमन की प्रक्रिया में विलोपित कर दिया गया है। इधर अब परिसीमन के प्रथम प्रकाशन के बाद इसके विरुद्ध दावा-आपत्ति के लिए सात दिनों का समय दिया जाएगा। 22 जुलाई तक आने वाली दावा-आपत्ति का निराकरण कर 25 जुलाई को दोबारा यानी अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। जिसके बाद इसी आधार पर सालांत में निकाय के चुनाव कराए जाएंगे।

### खास बातें

- सात दिनों का दावा-आपत्ति के लिए मिलेगा समय
- वार्डों की संख्या नहीं बदली, अब भी 51 ही वार्ड रहेंगे
- वर्ष 2011 की जनगणना को आधार बनाकर परिसीमन
- दावा-आपत्ति के निराकरण बाद अंतिम प्रकाशन



### 163114 जनसंख्या, एससी के 12.67% व एसटी के 5.73% जनसंख्या

परिसीमन के तहत शहर के 51 वार्ड में कुल जनसंख्या की संख्या 163114 है। इनमें अनुसूचित जाति के 12.67% 20701 जनसंख्या हैं। अनुसूचित जनजाति के 5.73% 9342 जनसंख्या हैं। कुल मतदाता अनुसार प्रत्येक वार्ड में औसतन जनसंख्या 3198 है।

**वार्ड अनुसार कुल जनसंख्या की संख्या**

| | | | |
|---|---|---|---|
| वार्ड 1 में 3197, | वार्ड 14 में 2702, | वार्ड 27 में 2950, | वार्ड 40 में 3100, |
| वार्ड 2 में 3844, | वार्ड 15 में 3965, | वार्ड 28 में 3065, | वार्ड 41 में 2960, |
| वार्ड 3 में 2313, | वार्ड 16 में 3100, | वार्ड 29 में 2183, | वार्ड 42 में 2994, |
| वार्ड 4 में 3000, | वार्ड 17 में 3490, | वार्ड 30 में 2642, | वार्ड 43 में 2795, |
| वार्ड 5 में 2695, | वार्ड 18 में 3200, | वार्ड 31 में 3019, | वार्ड 44 में 3025, |
| वार्ड 6 में 3890, | वार्ड 19 में 3028, | वार्ड 32 में 3100, | वार्ड 45 में 3000, |
| वार्ड 7 में 2942, | वार्ड 20 में 4098, | वार्ड 33 में 2990, | वार्ड 46 में 3375, |
| वार्ड 8 में 3284, | वार्ड 21 में 3255, | वार्ड 34 में 4004, | वार्ड 47 में 2890, |
| वार्ड 9 में 3600, | वार्ड 22 में 2858, | वार्ड 35 में 3025, | वार्ड 48 में 3428, |
| वार्ड 10 में 3575, | वार्ड 23 में 3132, | वार्ड 36 में 3392, | वार्ड 49 में 3061, |
| वार्ड 11 में 3044, | वार्ड 24 में 3943, | वार्ड 37 में 3500, | वार्ड 50 में 2446, |
| वार्ड 12 में 3316, | वार्ड 25 में 3865, | वार्ड 38 में 3216, | वार्ड 51 में 2961 |
| वार्ड 13 में 4005 | वार्ड 26 में 3134 | वार्ड 39 में 3518 | मतदाता हैं। |

### आला नेताओं के वार्ड भी प्रभावित

शहर में इस बार किए गए परिसीमन में कई बड़े नेताओं के वार्ड भी प्रभावित हुए हैं। इनमें शहर की वर्तमान महापौर हेमा देशमुख का वार्ड क्रं 5, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव का वार्ड क्रं 3, कांग्रेस शहर अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा का वार्ड क्रं 25 सहित भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश पटेल का वार्ड क्रं 30 की सीमाएं बदली गई है। इधर कई जमीनी नेताओं की भी स्थिति परिसीमन के बाद बदल गई है। वार्ड का क्षेत्र घटने बढ़ने से उनकी तैयारियों पर असर हुआ है। ऐसे में अगले कुछ महीनों में फिर से इन नेताओं को वार्ड के नए परिसीमन के अनुसार अपनी जमीन तैयार करनी होगी।

### इन वार्डों की बदली परिसीमन में सीमाएं

परिसीमन के तहत शहर के कुल 23 वार्डों की सीमाओं में परिवर्तन किया गया है। इनमें वार्ड क्रमांक 2, 3, 5, 6, 15, 16, 20, 22, 23, 24, 25, 29, 30, 31, 32, 33, 39, 41, 42, 43, 46, 47 और वार्ड क्रमांक 50 शामिल हैं। वहीं शेष वार्ड को यथावत रखा गया है। ज्ञात हो वार्ड क्रमांक 21 मेडिकल वार्ड को विलोपित करने एवं वार्ड क्रमांक 30 कैलाश नगर को दो हिस्सों में बांटने की वजह से वार्ड क्रमांक 21 से 30 के मध्य वाले वार्डों के क्रमांक में एक अंक की कमी आई है।

## स्वीकृति की प्रत्याशा के आधार पर महापौर ने किया पास


# सफाई ठेके का टेंडर पास! आज से 313 कर्मी संभालेंगे जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सफाई ठेके के टेंडर को लेकर चल रहे विवाद के बीच सफाई ठेके को स्वीकृति की प्रत्याशा के आधार पर पास कर दिया गया है। आज से शहर के 27 वार्डों सहित रात्रिकालीन एवं हॉट बाजार में सफाई व्यवस्था नए ठेकेदार संभालते हुए नजर आएंगे। ठेके के तहत शहर की सफाई व्यवस्था संभालने के लिए 313 कर्मचारियों को तैनात किया जाएगा। इन ठेकों के संचालन के लिए निगम पर सालाना चार करोड़ रुपए का वित्तीय भार आएगा।

उल्लेखनीय है कि सफाई ठेके को लेकर किए गए टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाते महापौर हेमा देशमुख एवं एमआईसी ने बैठक में इसे निरस्त कर दिया था। एक जुलाई को एमआईसी बैठक में निरस्त होने के बाद से ही शहर के 27 वार्डों में सफाई ठेके का संचालन नहीं हो पा रहा था। ऐसे में सफाई व्यवस्था भी बिगड़ गई थी और जगह-जगह कचरा दिखने लगा था। इस बीच अब एमआईसी द्वारा निरस्त किए गए टेंडर को स्वीकृत करने के लिए पुर्नविचार का पत्र महापौर हेमा देशमुख के समक्ष प्रस्तुत किया गया था, जिसे महापौर द्वारा एमआईसी से स्वीकृति की प्रत्याशा के आधार पर स्वीकृत कर दिया है। ऐसे में कल मंगलवार से शहर की सफाई व्यवस्था पुनः ठेके पर चले जाएगी।

### शहर के 27 वार्डों की सफाई अब ठेके पर



### इन वार्डों में ठेके पर सफाई

मिली जानकारी के अनुसार शहर के वार्ड क्र. 1, 4, 6, 7, 8, 10, 13, 15, 16, 17, 18, 19, 21, 22, 23, 24, 32, 33, 35, 39, 40, 41, 42, 44, 46 के साथ ही वार्ड क्रमांक 51 के लिए सफाई की व्यवस्था ठेके पर दी जाती है। ऐसे ही बाजार इलाके में रात्रिकालीन एवं हॉट बाजार की सफाई के लिए भी ठेका किया जाता है। इन इलाकों में ही सफाई व्यवस्था सर्वाधिक प्रभावित हुई है। अब इन इलाकों में पुनः महिला समूहों की आड़ में नेताओं द्वारा ठेकेदारी की जाएगी।

### पक्ष-विपक्ष की डील के बाद फैसला!

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिस सफाई ठेके को एमआईसी में निरस्त कर दिया गया था, उसे पुर्नविचार के जरिये पास करने के पीछे दोनों दलों के बीच हुई डील बड़ा कारण है। बताया गया कि विपक्ष के दो पार्षदों ने इस टेंडर को पुर्नविचार में पास कराने के लिए निगम सरकार के दो नेताओं से बैठक की। जिसमें 12 वार्ड का संचालन कांग्रेसियों और 15 वार्ड का संचालन भाजपा नेताओं को देने पर सहमति बनी है। हालांकि टेंडर निगम द्वारा महिला समूहों को दिया गया है, लेकिन उनकी आड़ में यह नेता ही ठेका संचालन करेंगे।


### जिन कारणों से किया रद्द, उसे बिना हटाए पास

महापौर हेमा देशमुख द्वारा निगम प्रशासन पर सफाई ठेके के टेंडर को लेकर आरोप लगाया गया था कि निगम प्रशासन ने नियमो में छेड़छाड़ कर यह टेंडर किया है। महापौर ने साफ तौर पर कहा था कि ठेके वाले वार्डों में कर्मचारियों की संख्या कम-ज्यादा करने का अधिकार एमआईसी के पास है, लेकिन बगैर एमआईसी अफसरों द्वारा इसमें बदलाव किया गया। ऐसे ही आचार संहिता के दौरान टेंडर के फार्म बांटने सहित अन्य नियमों में बदलाव का हवाला महापौर ने टेंडर निरस्त करने से पहले दिया था। ऐसे में उम्मीद थी कि इन नियमों में बदलाव कर नए सिरे से टेंडर किया जाएगा, परन्तु ऐसा नहीं हुआ और उन नियमों के साथ ही हुए टेंडर को पुर्नविचार के जरिये पास किया जा रहा है।

# खबर का असर: बस स्टैंड में सफाई शुरू, हटाया गोबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर को लगभग 6 वर्ष पूर्व साढ़े 5 करोड़ की लागत से हाईटेक बस स्टैंड की सौगात मिली थी, लेकिन अब यह हाईटेक बस स्टैंड गाय-भैंस के तबेले में बदल चुका है। यहां मवेशियां बड़े आराम से रहती है और मुसाफिर सड़क पर खड़े होकर बस का इंतजार करते हैं। हाईटेक नवीन बस स्टैंड की इस दुर्दशा को लेकर हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद अब यहां की सफाई कराई जा रही है। लगभग डेढ़ महीने से यह बस स्टैंड मवेशियों का तबेला बना हुआ था। जिसकी सुध लेने वाला कोई दिखाई नहीं दे रहा था। खबर प्रकाशित होने के बाद नगर निगम प्रशासन जागा और आज यहां से मवेशियों को खदेड़कर सफाई करवाई जा रही है।



### नियमित होगी सफाई

वर्तमान में दो जगह बस स्टैंड संचालित है, जो पुराना बस स्टैंड है, वहां से भी कई बसें आवागमन करती है। बस ऑपरेटरों को नए बस स्टैंड में शिफ्ट करने बातचीत की जा रही है। **अभिषेक गुप्ता, आयुक्त,**

### अभाव में हो रहा है खंडहर

लगभग डेढ़ माह से आसपास के पशुपालकों की मवेशी यहां डेरा जमाए हुए थी। इसको लेकर पखवाड़ेभर पूर्व बस चालकों ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से तस्वीर डाली थी, लेकिन किसी ने इस तरफ ध्यान नहीं दिया। बस स्टैंड में गाय, भैंस और गोबर की गंदगी के चलते यहां बैठना भी दुश्वार हो गया था। अब निगम द्वारा यहां की सफाई करवाई जा रही है, लेकिन असामाजिक तत्वों की वजह और देखरेख के अभाव के चलते यहां की कुर्सी व सामानों की चोरी भी हो रही है। वहीं बस स्टैंड में पेयजल से लेकर अन्य सुविधाओं का अभाव भी बना हुआ है। यहां लगे डिजिटल बोर्ड भी वर्षों से बंद पड़े हुए हैं, जिसे सुधारने के लिए कुछ भी नहीं किया जा रहा है। ऐसे में यह बस स्टैंड धीरे-धीरे खंडहर होता जा रहा है।






- मोहारा पुलिस चौकी के खैरबना नाला की घटना

# नाले में फंसे ट्रैक्टर को निकालने के दौरान दूसरा ट्रैक्टर पलटा, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नाला में फंसे एक ट्रैक्टर को बाहर निकालने पहुंचा दूसरा ट्रैक्टर भी



अनियंत्रित होकर नाला में पलट गया। जिससे इसके चालक की मौत हो गई। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से मृत चालक को बाहर निकाला। इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहारा पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत खैरबना नाला में एक ट्रैक्टर फंस गया था, जिसे निकालने के लिए ग्राम मोहारा निवासी महेन्द्र भारती ट्रैक्टर लेकर खैरबना नाला गया हुआ था।

बताया गया कि फंसे हुए ट्रैक्टर को निकालने के प्रयास में दूसरा ट्रैक्टर भी अनियंत्रित होकर पलट गया। शाम लगभग 5 बजे हुए इस घटना से ट्रैक्टर चालक महेन्द्र भारती 25 वर्ष की मौत हो गई। इधर इस घटना की खबर से गांव में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद मृतक को बाहर निकाला जा सका। समाचार लिखे जाने तक पुलिस की कार्रवाई जारी रही।

# आबकारी मामले में 20 पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ पुलिस ने धरपकड़ अभियान तेज कर दिया है। जिसके तहत आबकारी के 19 प्रकरण में 20 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर शराब जब्त किया गया।

एसपी मोहित गर्ग के निर्देशन पर अवैध रूप से शराब बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु कड़ी कार्रवाई करने के संबंध में जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देश दिया गया था। जिसके तहत 14 जुलाई को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 34(2) के 1 प्रकरण में 83 पौवा देशी शराब कीमती 7470, थाना छुरिया पुलिस द्वारा 34(1) के 1 प्रकरण में 27 पौवा देशी शराब कीमती 2430, बिक्री रकम 1170, थाना चिचोला पुलिस द्वारा 36(च) के 2 प्रकरण, ⏩ शेष पेज 12 पर



## खबर संक्षेप

### स्वच्छता पर नाटक का मंचन



**तुमडीबोड़।** ग्राम पंचायत को ओडीएफ प्लस माडल बनाने के लिए जिला पंचायत के आदेशानुसार शनिवार को ग्राम पंचायत, आईबी ग्रुप की पहल टीम ने शिक्षकों, विद्यार्थियों, महिलाओं, मितानिन, स्वच्छता दीदी के साथ जागरूकता रैली निकाला। बच्चों और स्वच्छ्ता ग्राही दिदियों को एबीस ग्रुप पहल का टी शर्ट दिया गया। जागरूकता रैली हाई स्कूल प्रांगण से निकलकर गलियों का भ्रमण करते हुए मुख्य चौक पर पहुंची। यहां एबीस पहल टीम ने बच्चों के साथ नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। नाटक में ग्रामवासियों को स्वच्छता का महत्व बताते हुए ओडीएफ प्लस माडल की जानकारी दी गई।

### रायपुर डिवीजन में डोंगरगढ़ को शामिल करने की मांग



**डोंगरगढ़।** स्थानीय रेलवे स्टेशन को रायपुर डिवीजन में शामिल करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में यहां स्टीम इंजन, डीजल शेड, वासिंग लाइन की सुविधा थी किन्तु एक एक कर अधिकांश सुविधाएं कम होती गई। रेलवे स्टेशन को रायपुर डिवीजन में शामिल करने से कर्मचारियों के साथ आम जनता को विकास की मांग रखने में आसानी होगी।

### ट्रांसफार्मर खराब होने से किसान परेशान

**उदयपुर।** अतरिया रोड में लगे ट्रांसफार्मर के खराब होने से किसान परेशान है। दो माह पहले ही ट्रांसफार्मर को बदला गया था तब से उसमे खराबी है। इस ट्रांसफार्मर से 20 से अधिक किसानों ने स्थाई अस्थाई कनेक्शन ले रखा है। खराबी की वजह से कई पंप जल चुके है जिसकी शिकायत विभाग में की गई है। ट्रांसफार्मर को शीघ्र दुरूस्त नहीं किया गया तो सिंचाई के अभाव में किसानों की फसलें बर्बाद हो जाए। किसानों ने शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है।

### बांधाबाजार में निकाली स्वच्छता महारैली



**मोहला।** स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जल सेवा चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में स्वच्छ भारत मिशन एवं वाटरएड संस्था ने ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र एवं पहचान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर एवं सीईओ जनपद पंचायत प्रियंवदा रामटेके शामिल हुई। इस मौके पर परियोजना निदेशक श्री ठाकुर, सीईओ श्रीमती रामटेके ने स्वच्छता रैली के माध्यम से स्वच्छता, गीला कचरा अलग कर सूखा कचरा देने, स्वच्छता शुल्क का भुगतान, प्रत्येक शनिवार को श्रमदान करने आदि की जानकारी दिया। जनपद पंचायत से हरी झंडी दिखा कर बस से जनप्रतिनिधियों को रवाना किया गया। बांधाबाजार में स्वच्छता शपथ परियोजना निदेशक श्री ठाकुर ने दिलाया।

### कलेक्टर जनदर्शन आज

**मोहला।** जिला स्तर पर अब प्रत्येक मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के नागरिकों की समस्याएं सुनी जाएगी। कलेक्टर एस जयवर्धन के साथ अन्य अधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित होकर नागरिकों की समस्याएं सुनकर निराकरण का प्रयास करेंगे। नागरिक दोपहर एक बजे से आवेदन दे सकते हैं।

### स्कूल प्रबंधन की उजागर हुई लापरवाही

# आत्मानंद स्कूल में आठ घंटे व्यर्थ बहते रहा पानी

## घटना की व्यापक हो रही निंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

अंचल में अब तक अपेक्षित बारिश नहीं होने अकाल के हालात दिखाई देने लगे हैं वहीं सूखे की स्थिति को देखते हुए पानी को सहेजने पर जोर दिया जा रहा है। दूसरी तरफ स्वामी आत्मानन्द स्कूल में घोर लापरवाही के चलते करीब आठ घंटे तक पानी व्यर्थ बहते रहा। लगातार पानी के बहने के बाद भी स्कूल स्टाफ ने इस बर्बादी को रोकने का प्रयास नहीं किया।

जानकारी के अनुसार गत दिनों सुबह 9 से शाम 5 बजे तक पानी तब तक बहते रहा जब तक हरिभूमि प्रतिनिधि ने जाकर नहीं बताया। जहां पानी टंकी लगी है उसी के नीचे स्टाफ रूम है। पानी टंकी का आव्हरफ्लो स्टाफ रूम की खिड़की से होते हुए बहता है किन्तु सुबह 9 से शाम 5 बजे तक पानी के लगातार बहने के बाद भी किसी का ध्यान न जाना समझ से परे है।जब इस मामले को लेकर स्कूल स्टाफ से जानकारी मांगा गया तो सभी गोलमोल जवाब देने लगे।



#### प्रबंधन की लापरवाही

नगर पंचायत अध्यक्ष चेतन देवांगन ने इस घटना को गैर जिम्मेदाराना बताया है। उन्होंने इस घटना की शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी से करने की बात कही है। स्वामी आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में उनकी ड्यूटी लगी थी। वह स्कूल में नहीं थे। स्कूल के चपरासी या खाना बनाने वालों द्वारा बोर चालू और बंद किया जाता है अगर सुबह से शाम तक पानी की बर्बादी किया गया है तो यह गलत है।

#### बहा कई हजार लीटर पानी

जानकारी के अनुसार लगभग 8 घंटे तक कई हजार लीटर पानी यूं ही बहते रहा जबकि वर्तमान में पानी काफी कीमती है और सभी पानी को सहेजने पर जोर दे रहे हैं। अब तक अपेक्षित बारिश नहीं होने से नगर के कुएं, नदी, नाले, हैंडपंप और बोर सूखने के कगार पर हैं। क्षेत्र में बारिश नहीं होने से धान की फसल पीले पड़ने लगी है। खेतो में दरारें आना चालू हो गया है।

# अविश्वास प्रस्ताव गिरा भाजपा की हुई जीत



- कांग्रेस ने लाया था उपाध्यक्ष के खिलाफ प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा के खिलाफ कांग्रेस द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव भी ध्वस्त हो गया। भाजपा को 2 निर्दलीय के अलावा कांग्रेस के 2 पार्शदों सहित 16 पार्षदों का समर्थन मिला। जबकि कांग्रेस को 9 में 7 पार्षदों का ही समर्थन मिल पाया। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भाजपा ने पालिका अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया था जिसमें भाजपा को हार मिली थी। वही अब उपाध्यक्ष के लिए लाया गया कांग्रेस का प्रस्ताव ध्वस्त हो गया। सोमवार को निर्वाचन अधिकारी रेखराम वर्मा ने प्रक्रिया पूरा किया।

मतदान के बाद मतगणना कर उमा महेष वर्मा की जीत का ऐलान किया गया। बिना गहमागहमी के निर्वाचन अधिकारी ने शांतिपूर्वक ढंग से प्रक्रिया पूर्ण किया। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष विजयप्रताम सिंह, प्रदीप शर्मा, धीरज मेश्राम, हरीश भंडारी, नरेश करसे, भाजपा के जिला महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, रामजी भारती, विनोद खांडेकर, सुरेन्द्र सिंग बन्नौआना, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, सुनील जैन चीकु, अमित जैन, सत्यप्रकाश मिश्रा, रमन डोंगरे सहित अन्य उपस्थित थे।

# भाजपा नेता स्वरूपचंद जैन तीसरी बार चुने गए अध्यक्ष



- जागृति उपभोक्ता भंडार का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

जागृति प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भंडार मर्यादित का चुनाव सोमवार को संपन्न हुआ। अध्यक्ष पए के लिए सीधे मुकाबले में मंडल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष स्वरूपचंद जैन तीसरी बार निर्वाचित हुए। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी प्रमोद जैन को पराजित किया।

जानकारी के अनुसार बीते दिनों संचालक मंडल का चुनाव हुआ था जिसमे अरुण जैन, अजय गुप्ता, दिनेश नखत और रामकुमार गुप्ता के नाम वापस लेने के कारण सभी सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए थे। निर्वाचित होने वालों में स्वरूपचंद जैन, प्रमोद जैन, प्रबोध जैन, प्रदीप रत्नाकर, बद्रीनारायण शुक्ला, टीकाराम राजपूत, संजय गुप्ता, उषा जैन, बहलराम सिन्हा, चंदाबई साहू शामिल थे। जानकारी के अनुसार सोमवार को अध्यक्ष पद के लिए वर्तमान अध्यक्ष स्वरूपचंद जैन और प्रमोद जैन ने नामांकन दाखिल किया। श्री जैन के पक्ष में पांच ने मतदान किया। वहीं श्री जैन को तीन वोट मिले। उपाध्यक्ष के लिए उषा जैन के एकमात्र परचा दाखिल करने से वह निर्विरोध निर्वाचित हुई। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक प्रतिनिधि के लिए मंडल भाजपा अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता और बद्रीनारायण शुक्ला के बीच मुकाबला हुआ, जिसमे श्री गुप्ता पांच वोट हासिल कर निर्वाचित हुए। श्री शुक्ला को तीन मत मिले। जिला सहकारी संघ मर्यादित प्रतिनिधि के लिए प्रदीप रतनाकर ने पर्चा दाखिल किया। किसी अन्य के मैदान में नहीं होने से वह भी निर्विरोध निर्वाचित हुए। इस मौके पर रिटर्निंग अधिकारी एसएन चकलावार, सहायक रिटर्निंग अधिकारी आलोक सिंह, अरूण जैन, नारायण साहू, राजा जैन, बीरेन्द्र बोरकर, अखिलेख नखत, प्रियंक जैन आदि मौजूद थे।

# नशे के खिलाफ युवक लामबंद

## बगीचे से शराब बरामद कर किया पुलिस के हवाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम पंचायत चकनार नर्मदा में नशे का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को हिन्दू युवा मंच के तीन दर्जन कार्यकर्ताओं ने नशा विरोधी मुहिम चलाते हुए एक बगीचा समीप शराब बरामद किया। मंच के कार्यकर्ताओं को देख शराब की बिक्री में लिप्त युवक भाग खड़े हुए। सदस्यों की सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शराब जप्त किया।

इस दौरान कौशल पांडेय, केवल पटेल, केवल जंघेल, डोमेश पटेल, नेमचंद पटेल, केहलाल पटेल, युवराज यादव, लिकेश्वर पटेल, देवेंद्र यादव, पिंटू ठाकुर, टॉकेश जंघेल, आशीष यादव, प्रेम मरकाम, ओम प्रतीक साहू, बाऊ पटेल, दिलीप ठाकुर, अशोक मरकाम, डोमन कुंजांम,जय सिंह पटेल सहित ग्रामीण मौजूद थे।



#### कोचियों की खैर नहीं

रविवार को हिन्दू युवा मंच के कार्यकर्ताओं ने अवंती चौक में नारेबाजी कर स्पष्ट कर दिया कि नशा के कोचियों की अब खैर नही। धार्मिक ग्राम में नशा का धंधा करने नहीं जाएगा। नशा के कारण गांव का माहौल अशांत हो रहा है। मंदिर के आसपास असामाजिक तत्वों का डेरा लगा रहता है।

#### बढ़ रहा धंधा

ग्रामीणों द्वारा कुछ माह पहले गंड़ई थाना एवं पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर नशा के सामनों की बिक्री पर अंकुश लगाने की मांग किया था। पुलिस कारवाई के बाद भी नशा का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। पुलिसिया कार्रवाई के बाद कुछ दिन तक कारोबारी चुप रहते हैं और फिर एक्टिव हो जाते हैं। ज्ञात हो कि नर्मदा क्षेत्र के धार्मिक महत्व को देखते हुए शराब आदि की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है फिर भी नशा के कारोबारी बाज नहीं आ रहे है।

### पटेवा में शिशु भारती का गठन

**पटेवा।** सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल पटेवा में शिशु भारती का गठन प्राचार्य रोहित निर्मलकर के मार्गदर्शन में किया गया। सेनापति साक्षी साहू, उप सेनापति नेहा वर्मा, प्रार्थना प्रमुख सुमेधा साहू, उप प्रमुख भावना बारले, क्रीड़ा प्रमुख थानेशवर वर्मा, उप प्रमुख अंकिता साहू, सांस्कृतिक प्रमुख डिलेशवरी पाल, उप प्रमुख गीतिका साहू, स्वच्छता प्रमुख शशांक साहू, उप प्रमुख श्रुति वर्मा, खोया पाया प्रमुख श्रद्धा साहू, उप प्रमुख भूपेश साहू, स्वास्थ्य प्रमुख चांदनी साहू, उप प्रमुख तनिश वर्मा, बागवानी प्रमुख जीवेश वर्मा, उप प्रमुख गौरव जैन, अनुशासन प्रमुख हेमंत साहू, उप प्रमुख गरिमा कोसरे, विज्ञान प्रमुख रागिनी साहू, उप प्रमुख यामिनी पाल, योगा प्रमुख विजेन्द्र जोशी, उप प्रमुख हिमानी वर्मा, व्यवस्था प्रमुख अंश दुबे, उप प्रमुख रेणुका वर्मा, सायकल स्टैंड प्रमुख लेमन साहू को बनाया गया है।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान ने गांव-गांव में पकड़ा जोर

# पौधारोपण करने आगे आए ग्रामीण और बच्चे







हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

ग्राम पंचायत लक्ष्मण भरदा में एक वृक्ष मां के नाम अभियान के तहत जिला भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष हिरेंद्र कुमार साहू सहित ग्रामीणों ने पौधे लगाए। इस मौके पर श्री साहू ने कहा कि पौधे लगाकर अपने जीवन के लिए ऑक्सीजन से प्राप्त कर सकते है। बिना ऑक्सीजन के जीवन की कल्पना करना बेमानी है। उन्होंने पौधे लगाने के साथ बच्चों के समान 5 साल तक देखभाल करने का आव्हान किया। इस मौके पर महेश दास सोनवानी, सरपंच, सचिव ललित बकरे, महाबति नेताम, भूषण नेताम आदि उपस्थित थे।

### तरुमित्रों ने चांदो में रोपे पौधे

छुरिया ब्लाक के ग्राम चांदो में गायत्री परिवार के युवा कार्यकर्ताओं ने श्रीराम स्मृति उपवन में पौधरोपण अभियान चला कर करीब 500 पौधों का रोपण किया गया। प्रत्येक पौधे की देखरेख के लिए युवाओं को तरुमित्र बनाया गया है। उपवन में पिछले वर्ष रोपित 1200 पौधों की निराई गुड़ाई कर खाद दवाई दिया गया। तरुमित्रों के प्रयास से श्रीराम स्मृति उपवन हराभरा दिखाई देने लगा है। अभियान में सुरेश यादव, होरीलाल साहू, निरंजन साहू, टोमन साहू, संदीप देवांगन, लिलेश देवांगन, गीताराम साहू, सुरेंद्र कोसमा, काशी देवांगन, अमन साहू, सुरेश पटेल, लीलम माली, कृष्णा पटेल, देवा माली, गिरधर माली, शेखर माली, नितेश वैष्णव, रोशन निषाद, देवेश्वरी भुआर्य आदि शामिल हुए।

### भोले भंडारी ग्रुप ने लगाए स्कूल में पौधे

**गंडई पंडरिया।** नगर की कन्या स्कूल परिसर में भोले भंडारी सहयोग सहायता ग्रुप के सदस्यों ने शनिवार को 40 से अधिक पौधे रोपे। रोपे गए पौधों गुलमोहर, बेल, सिंदूर, कचनार, खजूर, बादाम आदि शामिल थे। पौधरोपण कार्यक्रम में ग्रुप के खम्हन ताम्रकार, पुष्पेंद्र देवांगन, अनिल जैन, गौरव अग्रवाल, राजू देवांगन, सुधांशू यदु, प्रीति राजपूत, सुनीता शर्मा, धरमु पटेल, शिव गंधर्व, उमा चौबे, शशि मानिकपुरी, नागेंद्र साहू, नारद साहू, यशवंत साहू, विनोद देवांगन आदि शामिल हुए।

**डोंगरगढ़।** प्राथमिक शाला रूवातला में गत दिनों इको क्लब का गठन करने के साथ शाला परिसर में पौधरोपण किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना किया गया। सर्वसम्मति से प्रधानमंत्री सीमा वर्मा, शिक्षा मंत्री नारायण वर्मा, खेल संस्कृति एवं खादय मंत्री संजना वर्मा, कृषि एवं पर्यावरण मंत्री खिलेश्वरी खुटेल, सुरक्षा एवं जनसंपर्क मंत्री नितिन कुमार साहू को चुना गया। शाला नायक नारायण वर्मा तथा शाला नायिका दिव्या वर्मा को चुना गया। इस दौरान बच्चों को घर के आंगन, बाड़ी अथवा रोड के किनारे पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर प्रधानपाठक बंदिश नेमपाण्डे, राजेश पंचभाई, नीतू वर्मा, लोकमती वर्मा आदि उपस्थित थे।

**अंबागढ़ चौकी।** शिवनाथ नदी के तट पर स्वयंसेवको ने वृक्ष लगाओ कल बचाओ के लक्ष्य को लेकर पौधरोपण किया। स्वयंसेवको को पौधों की देखरेख की जिमेदारी सौंपी गई है। इस दौरान विभाग सह संघचालक उमेंदराम देवांगन, डेमन तरार, नगर संघचालक सतीश खडेलवाल, रतन ठाकुर, तुलसीराम वर्मा, दिनेश ताम्रकार, चंदन उपाध्याय,, विजय वैष्णव,, राजेश सिंघी, अभिषेक सोनी, ताम्रध्वज यादव उपस्थित थे।


**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत पंडरिया की प्राथमिक शाला में बच्चों, इको क्लब एवं बाल केबिनेट ने सोमवार को पौधारोपण किया। छात्रों, सरपंच, पालक, शाला स्टॉफ ने उत्साह के साथ अपनी मां के नाम पर गमलों में पौधा लगाया और देखभाल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शिवांगी पशीने, ललित साहू, सरपंच ज्योति जंघेंल, उमेश वर्मा, वीणा मानिकपुरी, कुमारी विश्वकर्मा, रमेश यादव आदि उपस्थित थे।

### युवाओं ने किया पौधारोपण



**सड़क चिरचारी।** घोरतलाव के युवाओं ने 14 जुलाई को ग्राम के प्राचीन तालाब के चारों ओर पीपल, नीम, करंज, जाम, जामुन, बादाम, गुलमोहर, आंवला आदि के 300 से अधिक पौधे लगाए। पौध्धों को ट्री गार्ड लगाकर से सुरक्षित किया गया। इस मौके पर तहसीलदार गुरुदत्त पंचभाये, एसडीओ जल संसाधन भूपेंद्र बावनथड़े, संदीप ऊके, धनेंद्र कोठारी, हरिराम निषाद, संजय सहारे, ओमप्रकाश सहारे, राजू मंडावी, गेंदलाल बावनथड़े, भूपेंद्र सुरसावंत, नवीन सहारे, विवेक पंचभाये, योगराज बावनथड़े, चैतन्य बावनथड़े, दिनेश, आशीष, हर्ष, तिलक आदि मौजूद थे।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082



## कार्रवाई से मची खलबली

# भवन अनुज्ञा का उल्लंघन, आधा दर्जन अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

### लगातार नोटिस देने के बाद नपा ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

भवन निर्माण को लेकर जारी अनुज्ञा पत्र के विपरीत अतिक्रमण कर मकान दुकान बनाने वालो के खिलाफ नगर पालिका का बुलडोजर चला। इससे पहले सभी को नगर पालिका ने जारी अनुज्ञा पत्र के निर्धारित नियमो का उल्लंघन करने, एनओसी के लिए प्रस्तुत ब्लू प्रिंट से अलग निर्माण को रोकने और अतिरिक्त जगह पर निर्माण को रोकने तीन दफे नोटिस जारी कर चेतावनी दी थी।

मामले मे कुछ ने व्यवस्थापित जमीन को चिंहांकित करने की मांग की जिसके बाद नपा ने राजस्व विभाग से सहयोग मांगा और सोमवार सुबह दस बजे के आसपास जेसीबी लेकर नपा का तोड़ दस्ता अतिक्रमण को जमींदोज करने पहुंच गया। मौके मे तहसीलदार, सीएमओ सहित अप्रिय स्थिति से निपटने पर्याप्त पुलिस बल होने के कारण विवाद की स्थिति नही बनी। कुछ अतिक्रमणकर्ताओ ने अतिरिक्त जगह पर निर्माण हटाने दो तीन दिन का समय मांगा लेकिन अधिकारी कुछ सुनने को तैयार नही थे उनका स्पष्ट कहना था कि बीते तीन चार महीनो मे तीन बार नोटिस जारी करने के बाद भी अतिक्रमण नही हट पाया है इसलिए बिना कारवाई किए नही जाएंगे जिसके चलते आखिरकार आधा दर्जन के आसपास लोगो के अतिरिक्त निर्माण पर नपा का बुलडोजर चला वही शेष निर्माण वाली जगह पर मार्किंग कर अतिक्रमण हटाने कुछ दिन का समय दिया गया है।



#### लंबी प्रक्रिया बाद मिला था मालिकाना

पूर्ववर्ती सरकार के शासन काल मे नगरीय क्षेत्र मे सरकारी जमीन मे अतिक्रमण कर मकान दुकान बनाने वालो को राहत देने 75 सौ वर्गफीट तक सरकारी जमीन का मालिकाना हक देने की योजना बनाई गई थी जिसके अंतर्गत नगरीय क्षेत्र मे पचास के आसपास लोगो ने आवेदन दिया था। आरआई व पटवारी प्रतिवेदन, कब्जे को लेकर नपा मे पटाए कर कर राशि की रसीद, बिजली बिल, नगर निवेश से अनुमति, आठ अलग अलग विभागो से एनओसी, नायब तहसीलदार, तहसीलदार व एसडीएम द्वारा मौका निरीक्षण जैसी तमाम कवायदो के बाद जिला स्तर मे तय कमेटी के आदेश बाद जमीन की रजिस्ट्री हुई और मालिकाना हक मिला। मालिकाना हक मिलने के बाद अस्पताल चौक में कुछ व्यवस्थापितो द्वारा कच्चे अतिक्रमण को तोडकर नया निर्माण के दौरान निर्धारित पंजीकृत जमीन से ज्यादा मे निर्माण की जानकारी मिलने पर प्रशासन ने तहसीलदार, आरआई और पटवारी के संयुक्त दल से जॉच कराया जिसमे इस बात की पुष्टि हुई कि आधा दर्जन से ज्यादा लोगो ने निर्धरित जमीन से ज्यादा मे निर्माण कराया है।

#### तीन नोटिस बाद कार्रवाई

मामले को लेकर प्रशासन ने नपा को नगरपालिका अधिनियम के तहत शहरी क्षेत्र मे कारवाई का अधिकार रखने के कारण अतिक्रमण हटाने कहा जिसके बाद नपा लगातार संबंधितो को नोटिस जारी कर काम बंद करने और अतिक्रमण हटाने कहती रही लेकिन बात नही बनने पर आखिरकार बिना किसी पूर्व सूचना के नपा के तोड़ू दस्ते ने अस्पताल चौक पहुॅचकर कारवाई शुरू कर दिया जो देर शाम तक जारी रहा। मामले मे सीएमओ प्रमोद शुक्ला ने बताया कि 2017 से पहले शासन के आदेश बाद व्यवस्थापन की प्रक्रिया पूरी कर जमीन का मालिकाना दिया गया था लेकिन निर्धारित जमीन से ज्यादा मे निर्माण की जानकारी होने पर प्रशासन की टीम ने मौका निरीक्षण कर सूची दी थी। तीन नोटिस जारी करने के बाद भी अतिक्रमण नही हटाने के कारण कारवाई की गई है।

# पानी टंकियों से कल से 4 दिन पेयजल आपूर्ति रहेगी बाधित

### इंदिरा नगर टंकी से 17 व 18 को नहीं होगी पेयजल आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम सीमा क्षेत्रांतर्गत स्थित जल संयंत्रगृह मोहरा के 27 एमएलडी फिल्टर प्लांट में पीएलसी स्काडा सिस्टम लगाया जाना है। जिसके कारण 27 एमएलडी प्लांट से भरने वाली टंकी से 17 से 20 जुलाई चार दिन तक शाम की पेयजल सप्लाई नहीं हो पाएगी एवं सुबह की सप्लाई विलंब से होगी। साथ ही इंदिरा नगर टंकी से 17 व 18 को शाम की सप्लाई नहीं होगी तथा 17 को सुबह समय व 18 को सुबह विलंब से पेयजल सप्लाई होगी।

इस संबंध में नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बताया कि शहरवासियों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने राजनांदगांव नगर निगम द्वारा मोहरा स्थित जल संयंत्रगृह के 27 एमएलडी फिल्टर प्लांट में पीएलसी स्काडा सिस्टम लगाया जाना है। इस कारण 27 एमएलडी प्लांट से भरने वाली टंकियों सिंगदई मोहड टंकी, लखोली कन्हारपुरी टंकी, कंचनबाग टंकी, टांका घर नया आरसीसी टंकी, टांका घर नया टंकी, टांका घर टंकी, शंकरपुर नया टंकी, चिखली (दिनदयाल नगर) टंकी से 17 जुलाई को सुबह की पेयजल सप्लाई की जाएगी एवं शाम पेयजल सप्लाई नहीं होगी और 18, 19 एवं 20 जुलाई को शाम की पेयजल सप्लाई नहीं होगी तथा सुबह पेयजल सप्लाई विलंब से होगी। इसी प्रकार 10 एमएलडी

#### फिल्टर प्लांट में लगेगा स्काडा सिस्टम

आयुक्त गुप्ता ने बताया कि 27 एमएलडी फिल्टर प्लांट में स्काडा सिस्टम लगाए जाने के कारण उपरोक्त टंकियों से 17 से 20 जुलाई तक शाम के समय सिंगदई



मोहड़ टंकी (क्षमता 05.00 लाख लीटर) मोहड़, सिंगदई, हल्दी, मोहारा बस्ती, बजरंग नगर, लखोली कन्हारपुरी टंकी (क्षमता 10.00 लाख लीटर) लखोली, संतोषी नगर, चक्कीपारा, दुर्गाचौक लखोली, संजय नगर, लखोली नाका एरिया, कन्हारपुरी संपूर्ण क्षेत्र, सनसिटी एरिया, कंचनबाग टंकी (क्षमता 13.50 लाख लीटर) कंचनबाग, शिवनाथ कालोनी, केशर नगर, जनता कॉलोनी, राजीव नगर ब्रम्हदेव चौक, बैगापारा, अटल आवास, शांती विजय कालोनी, राहुल नगर लखोली, टांकाघर नया आरसीसी टंकी (क्षमता 15 लाख लीटर) टांकापारा, जीई रोड़, पुराना सिविल लाईन, सारंगपानी चाल, बल्देवबाग, पुराना रेस्ट हाउस, स्टेशनपारा वार्ड नं. 14, टांकाघर नया टंकी (क्षमता 40.00 लाख लीटर) रायपुर नाका, रामाधीन मार्ग, कामठी लाईन, गुड़ाखू लाईन, जूनीहटरी, जयस्तंभ रोड़, कलारपारा, सिनेमा लाईन, गोलबाजार, पुराना अस्पताल रोड़, सदर लाईन आधा क्षेत्र, गंज लाईन, आरामशीन रोड़, स्टेट बैंक कालोनी, पीएचई कार्यालय, टांकाघर, नेहरू नगर, जमातपारा, आजाद चौक, पुराना बस स्टैण्ड, कैलाश नगर, मठपारा, टांकाघर टंकी (क्षमता 16.00 लाख लीटर) गौरीनगर, स्टेशनपारा वार्ड नं. 11 एवं 12, चिखली वार्ड नं. 05, स्वीपर कॉलोनी स्टेशनपारा, शंकरपुर नया टंकी (क्षमता 10.00 लाख लीटर) शंकरपुर, शांतीनगर, चिखली वार्ड नं. 06, पुराना ढ़ावा, रामनगर, शिक्षक नगर, चिखली (दिनदयाल नगर) टंकी (क्षमता 11.00 लाख लीटर) शांतिनगर, चिखली बिहारीचाल, पुराना ढ़ाबा, रमन बाजार चिखली, दिनदयाल नगर, गठुला नाला, चिखली झुग्गी झोपड़ी, अम्बेडकर चौक शांतिनगर क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति 17 से 20 जुलाई तक शाम को बाधित रहेगी। 17 जुलाई को सुबह समय में एवं 18 से 20 जुलाई तक सुबह विलंब से पेयजल सप्लाई होगी।

#### आयुक्त ने की अपील

आयुक्त गुप्ता ने बताया कि इसी प्रकार 10 एमएलडी फिल्टर प्लांट में स्काडा सिस्टम लगाए जाने के कारण इंदिरा नगर टंकी (क्षमता 15 लाख लीटर) इंदिरा नगर वार्ड, चौखड़ियापारा, नंदई, हीरामोती लाईन, गंज लाईन, ब्राम्हणपारा, पठानपारा, उदयाचल, दुर्गा चौक, दिग्विजय कालेज रोड़, दिवानपारा, सतनामीपारा, सेठीनगर, बसंतपुर में 18 जुलाई को शाम को पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी। 17 जुलाई को सुबह समय में पेयजल सप्लाई होगी। उन्होंने नागरिकों से असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते सहयोग करने की अपील की है।

# जिला रजक समाज का सम्मान समारोह डोंगरगढ़ में संपन्न



**राजनांदगांव।** जिला रजक समाज द्वारा डोंगरगढ़ मां बम्लेश्वरी मंदिर प्रांगण में छीरपानी कार्यालय स्थित मंगल भवन में समाज के प्रतिष्ठित एवं प्रतिभावान व्यक्तियों का सम्मान समारोह कार्यक्रम रखा गया। जिसमें मुख्यमंत्री के निज सहायक तुलसी कौशिक सहित समाज के प्रतिष्ठित नागरिकों का समाज द्वारा भव्य स्वागत कर सम्मान किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का तिलक लगाकर शाल-श्रीफल भेंटकर जिला रजक समाज द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर समाज के नवनियुक्त पदाधिकारियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

मुख्य अतिथि तुलसी कौशिक, अध्यक्षता प्रभुनाथ बैठा, विशेष अतिथि विश्राम निर्मलकर, घुरसाय रजक, सुरेश निर्मलकर, महेश कर्ष, अरूण बैबा, आरके पोददार, भरत निर्मलकर, चित्ररेखा निर्मलकर शामिल थे। कार्यक्रम में डॉ. लेखराम निर्मलकर, रोहित निर्मलकर, योगेश निर्मलकर, हेमसिंग निर्मलकर, कैलाश सोनवानी, नंद रजक, रोहित निर्मलकर, लोकेश रजक, रवि निर्मलकर, लक्ष्मीनाथ रजक, देवशरण निर्मलकर, रेखालाल रजक, गोपी रजक, संतोष निर्मलकर, घनश्याम रजक, खोरबाहरा कंवल निर्मलकर, कैलाश सोनवानी, कृष्णा निर्मलकर, दिलीप निर्मलकर, तुलसी निर्मलकर, उमेन्द्र निर्मलकर, देवनाथ, परस निर्मलकर, ज्योति सोनवानी, किरण सोनवानी, भरत निर्मलकर सहित सहित अन्य लोग शामिल थे। उक्त जानकारी समाज के जिला मीडिया प्रभारी लोकेश रजक ने दी।

#### एकजुटता जरूरी: कौशिक

इस अवसर पर मुख्य अतिथि तुलसी कौशिक ने समाज के पदाधिकारियों सहित सामाजिक लोगों से परिचय प्राप्त करते कहा कि समाज में एकजुटता जरूरी है। उन्होंने उच्च शिक्षा पर जोर देते महिला सशक्तिकरण की बात कही। साथ ही केंद्र सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं की संपूर्ण जानकारी लेकर लाभ लेने की बात कही। श्री कौशिक ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार बहुत सक्रियता से कार्य कर रही है। महिला वंदन योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ धरातल में दिखाई दे रहा है। उन्होंने समाज के आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।



# हाऊसिंग बोर्ड कमेटी का गठन स्वास्थ शिविर लगाने का निर्णय

**मोहला।** जिला प्रेस क्लब की मासिक बैठक लोक निर्माण विभाग चौकी के विश्राम गृह में संपन्न हुई।बैठक में सर्व सहमति से हाऊसिंग बोर्ड कमेटी की गठन किया गया। औंधी में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। सभी सदस्यों की उपस्थिति में हाऊसिंग बोर्ड कमेटी का गठन करते हुए प्रमोद निर्मल को अध्यक्ष, एनिश पुरी गोस्वामी उपाध्यक्ष, जसवीर नायक कोषाध्यक्ष, ज्ञानचन्द्र कुंभज सचिव, योगेन्द्र सिंगने को सह सचिव मनोनीत किया गया। कार्यकारिणी सदस्य में सरवरी खान, तरणजीत कौर छाबड़ा, उमा मंडावी, अनिल मानिकपुरी, विनोद टेम्बुरकर को बनाया गया। उसके पश्चात ग्राम औंधी में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने पर सहमति बना। बैठक में जितेंद्र गायकवाड, मोहन मलगामे, दामोदर शर्मा, योगेश खंडेलवाल, जसवीर नायक, आशीष कसार, केजन साहू, प्रशांत शर्मा, कलीमुद्दीन खान, अफसान खान, आफताब खान, मनमोहन मलगामे, मनोज यादव, जावेद शेख, अभिषेक त्रिपाठी, जिब्राइल खान, विजय यादव आदि उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

### दसवीं और बारहवीं बोर्ड के मेधावी बच्चे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

■ लोधी कर्मचारी संघ द्वारा विविध आयोजन

लोधी भवन लाराबन खैरागढ़ में अखिल भारतीय लोधी अधिकारी कर्मचारी संघ द्वारा जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें 2024 बोर्ड की 10वीं और 12वीं में सफल सैकड़ों मेधावी विद्यार्थियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर विद्यार्थी काफी उत्साहित दिखे। साथ ही वर्ष 2023-24 में नवनियुक्त एवं सेवा निवृत्त अधिकारी कर्मचारी, नवोदय जाग्रति का संचालन कर्ता, खेल कुद संस्कृति कला में विशेष योगदान प्राप्त प्रतिभावों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत सम्मान कर बच्चों द्वारा संस्कृत कार्यक्रम किया गया।

प्रतिभा सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी ने सभी सम्मानित किए गए मेधावी विद्यार्थियों, नवनियुक्त एवं सेवा निवृत्त अधिकारी कर्मचारी, नवोदय जाग्रति के संचालन कर्ता,खेल कुद संस्कृति कला में विशेष योगदान प्राप्त प्रतिभावों एवं कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजनकर्ता अखिल भारतीय लोधी अधिकारी कर्मचारी संघ (आलोक) के समस्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा मुकाम हासिल करने के लिए विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों का हौसला बढ़ता है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु लोधी, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, अलोक प्रदेश अध्यक्ष अशोक वर्मा, प्रकार वर्मा, बालमुकुंद वर्मा, डेरा मसखरे,लाला जंघेल,गैंद वर्मा, भगवती वर्मा, हर्षवर्धन वर्मा, अजेन दशरिया ,मूल चंद वर्मा,शिव वर्मा, हीरेंद्र नागपुर,भागबली वर्मा,दिलीप वर्मा , संतोष वर्मा,हेम वर्मा, महेंद्र वर्मा, लोकेश जंघेल, भुनेश्वर वर्मा, सुरेश चंदेल, धनेश वर्मा, बालकृष्ण वर्मा,दुलेश वर्मा बाला जंघेल, शोभा जंघेल, एवं बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी,विद्यार्थी, गणमान्य नागरिक आदि उपस्थित रहे।

विष्णु लोधी ने कहा कि सबसे बड़ी बात बच्चों ने मेहनत की। इसके लिए आप सभी लक्की हैं। बच्चों की इस जर्नी में सबसे अहम भूमिका अभिभावकों की रही। साथ ही बच्चों के पढ़ने में शिक्षकों का भी बहुत बड़ा योगदान है। उन सभी शिक्षकों के लिए भी सम्मान का अवसर है, जिनके विद्यार्थियों ने बेहतर किये और लोधी अधिकारी कर्मचारी संघ (आलोक ) के इस मंच में आकर सम्मानित हो रहे हैं। बच्चे सीबीएसइ, आइसीएसइ व जैक बोर्ड से पढ़कर बेहतर कर रहे हैं, लेकिन सबका लक्ष्य एक ही है। बच्चों ने अभी पहली सीढ़ी चढ़ी है। आगे का सफर बाकी है। लड़कियां भी किसी से कम नहीं हैं। आज के दौर में लड़कियां सफलता अर्जित कर आत्मनिर्भर बन रही हैं। ऐसे में किसी से अपेक्षा किये बिना सभी लड़कियां आत्मनिर्भर बने। शारीरिक, मानसिक रूप से ताकतवर बनने के लिए शिक्षित होना जरूरी है। जब तक सफलता नहीं मिल जाती, तब तक सभी प्रयास करते रहें. मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती। सफलता उनके कदम चूमेगी। चाह है तो राह है। विश्वास की निव पर उम्मीद की मंजिल।



# स्वच्छता पर शिक्षकों को प्रशिक्षण

**मोहला।** जनपद पंचायत अं.चौकी के सभाकक्ष में ओडीएफ प्लस मॉडल को स्थाई बनाये रखने के लिए मास्टर ट्रेनर ने शिक्षक, आंगनबाड़ी सुपरवाईजर, डीईओ, एडीईओ, एनआरएलएम को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया। जनपद पंचायत सीईओ प्रियंवदा रामटेके ने बच्चों को स्वच्छता जागरूकता की जानकारी देने निर्देशित किया। बीईओ एसके धीवर ने प्रत्येक शनिवार को स्वच्छता रैली, स्वच्छता सत्र का आयोजन करने निर्देशित किया। स्वच्छ भारत मिशन के विकासखण्ड समन्वयक राजू राठौर ने विस्तार से प्रशिक्षण दिया।

# पंचगव्य चिकित्सा पर कक्षाएं



**राजनांदगांव।** पंचगव्य विद्यापीठम कांचीपुरमम तमिलनाडु के मार्गदर्शन में पंचगव्य चिकित्सा विस्तार केन्द्र बसंतपुर महामाया चौक राजनांदगांव में पांच दिवसीय पंचगव्य चिकित्सा (एडीपीटी) पर कक्षाओं का आयोजन किया गया। जिसमें राजनांदगांव सहित बालोद, कबीरधाम, रायपुर, बेमेतरा, दुर्ग, धमतरी जिले से बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए।

गव्यसिद्ध आचार्य डिलेश्वर साहू द्वारा पांच दिवस चले इस आवासीय कक्षाओं में मवेशी से प्राप्त पंचगव्य और प्राकृतिक औषधियों के संयोजन से मनुष्य में होने वाली विभिन्न साध्य व असाध्य रोगों के उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि पंचगव्य विद्यापीठम कांचीपुरम् तमिलनाडु द्वारा एडवांस डिप्लोमा इन पंचगव्य थेरेपी (एडीपीटी) एक वर्षीय कोर्स का संचालन किया जा रहा है, जो भारत सरकार के संसदीय बोर्ड के अंतर्गत आने वाले भारत सेवक समाज (बीएसएस) द्वारा मान्यता प्राप्त एक व्यावसायिक शिक्षा कोर्स है। जिसमें पंचगव्य व वनस्पतियों से विभिन्न तरह की भोज्यौषधियों का निर्माण, गौशाला प्रबंधन, मनुष्य एवं मवेशी की चिकित्सा, जैविक कृषि, मार्केटिंग मैरेजमेंट की शिक्षा दी जाती है।

गव्यसिद्ध डॉ. प्रमोद कश्यप द्वारा गौशाला प्रबंधन पर आवश्यक मार्गदर्शन दिया और पंचगव्यों के ऊर्जा विज्ञान से विद्यार्थियों को प्रयोग के माध्यम से परिचित कराया। बालोद जिले के गव्यसिद्ध डॉ. पुरूषोत्तम सिंह राजपूत ने शरीर ऊर्जा विज्ञान, मानव जीवन में मवेशी का महत्व, गौ आधारित कृषि सहित विभिन्न विषयों का अध्यापन कराया। कुमरदा के गव्यसिद्ध डॉ. ज्ञानचंद साहू ने विद्यार्थियों को प्रयोगिक कक्षाओं में पंचगव्य औषधि निर्माण, दैनिक उपयोग में आने वाले पंचगव्य उत्पादों के निर्माण का प्रशिक्षण दिया। विद्यार्थियों को मां पंचगव्य गौशाला ग्राम लिटिया एवं गुरूकृपा गौशाला ग्राम गातापार का शैक्षणिक भ्रमण भी कराया गया। इस दौरान गौ संस्कृति अनुसंधान संस्थान राजनांदगांव के अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता द्वारा गौधारित प्रकल्पों एवं कार्य योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई।

0 **राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संजय अग्रवाल ने 17 जुलाई को मोहर्रम के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया है। जिले के सभी देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानें तथा रेस्टोरेंट बार, बंद रखने आदेश दिए हैं।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रामपुर बाघेलान जिला सतना (म.प्र.)

प्रकरण क्र.

1. अरविंद तिवारी तनय शिवप्रसाद तिवारी उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम मनकहरी तहसील रामपुर बाघेलान जिला सतना म.प्र., 2. प्रभा देवी पुत्री स्व. जनार्दन प्रसाद द्विवेदी पत्नी विष्णु प्रसाद तिवारी निवासी ग्राम पाल तहसील रामपुर बाघेलान जिला सतना म.प्र..........अपीलार्थीगण **बनाम**

1. सरोज देवी पुत्री जनार्दन प्रसाद पत्नी राजीव लोचन तिवारी निवासी ग्राम जनार्दनपुर तहसील रामपुर बाघेलान जिला सतना म.प्र. 2. तेजभान तनय विशेषर प्रसाद द्विवेदी उम्र 87 वर्ष पेशा कृषि निवासी ग्राम जनार्दनपुर तहसील रामपुर बाघेलान जिला सतना म.प्र. 3. हरीश कुमार तनय श्री नर्वदा प्रसाद द्विवेदी उम्र 77 वर्ष पेशा सेवानिवृत्त शिक्षक, निवासी प्रेमनगर पावर हाउस के पास सतना म.प्र. 4. संतोष कुमार तनय स्व. श्री नर्वदा प्रसाद द्विवेदी (जायज) वारिस - क- सुधा द्विवेदी पत्नी स्व. संतोष कुमार द्विवेदी उम्र 73 वर्ष, ख- निकेश द्विवेदी तनय स्व. संतोष कुमार द्विवेदी उम्र 45 वर्ष, दोनों निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी उतैली सतना जिला सतना म.प्र. 5. चन्द्रलेखा पत्नी श्री विनोद द्विवेदी उम्र 63 वर्ष निवासी पुराना टिकरापारा खैरागढ़ जिला राजनादगांव छ.ग. 6. संजय तनय विनोद द्विवेदी उम्र 48 वर्ष निवासी बड़ी दरगाह के पास अमहिया जिला रीवा म.प्र. 7. विजय तनय स्व. विनोद द्विवेदी उम्र 43 वर्ष निवासी पुराना टिकरापारा खैरागढ़ जिला राजनादगांव छ.ग. 8. सुशीला पत्नी स्व. जमुना प्रसाद द्विवेदी उम्र 88 वर्ष निवासी एम.आई.जी. प्रथम मकान नं. 91 दीनदयालपुरम उतैली सतना जिला सतना म.प्र. (फौत) 9. मनोज तनय स्व. जमुना प्रसाद द्विवेदी पेशा नौकरी इंटलीजेंस आफीसर निवासी मार्फत 56 एम.पी.ओ.आई.टी.जी.एफ. नई दिल्ली 10. श्रीकृष्ण तनय स्व. जमुना प्रसाद द्विवेदी पेशा नौकरी निवासी एम.आई.जी. प्रथम मकान नं. 91 दीनदयालपुरम उतैली सतना जिला सतना म.प्र. 11. सरला पुत्री स्व. जमुना प्रसाद द्विवेदी पत्नी जगतबहादुर सिंह तिवारी निवासी ग्राम मनिकवार तहसील रायपुर कर्चुलियान जिला रीवा म.प्र. 12. शान्ती देवी पत्नी स्व. रामकृपाल द्विवेदी उम्र वर्ष निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी उतैली गुप्ता आटा चक्की के पास सतना जिला सतना म.प्र. 13. दिनेश तनय स्व. रामकृपाल द्विवेदी उम्र 67 वर्ष निवासी दीनदयालधाम पड़रा मकान नं. 44, 45 एल.आई.जी. रीवा जिला रीवा म.प्र. 14. उमेश तनय स्व. रामकृपाल द्विवेदी उम्र 51 वर्ष निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी उतैली गुप्ता आटा चक्की के पास सतना जिला सतना म.प्र. 15. नीरज तनय स्व. रामकृपाल द्विवेदी उम्र 48 वर्ष निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी उतैली गुप्ता आटा चक्की के पास सतना जिला सतना म.प्र. **रेस्पां.गण**

सूचित किया जाता है कि उन्मानित अपील मेरे न्यायालय में अपीलार्थीगण द्वारा तहसीलदार रामपुर बाघेलान म.प्र. के रजिस्ट्रेशन क्र. 0012/ए27 (2)/2017-18 रा.प्र.क्र. 36अ 27/17-18 में पारित आदेश दिनांक 31.03.2022 के विरूद्ध प्रस्तुत की गई है, समन तामीली के पश्चात भी आप रेस्पां. गण स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित नहीं हुए हैं. अपीलार्थीगण की ओर से तलवी हेतु प्रकाशन का निवेदन किया गया, जिसे स्वीकार किया गया, इसलिए समाचार पत्र प्रकाशन के माध्यम से आप रेस्पां गण को आदेशित किया जाता है कि आगामी पेशी दिनांक 30.07.2024 को मेरे न्यायालय के समक्ष सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से जिसे प्रकरण के संबंध में सम्पूर्ण तथ्यों की मालुमात हो उपस्थित होवें अन्यथा की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर अपील का निराकरण कर दिया जायेगा, अपील में अनुपस्थिति की जिम्मेदारी इस सूचना / प्रकाशन के पश्चात आप रेस्पां.गण की होगी। प्रकाशन की सूचना मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी की गई।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
रामपुर बाघेलान
जिला-सतना (म.प्र.)

रामपुर बाघेलान
दिनांक- 11.07.2024

### अंतर साई और अंतर खेलो इंडिया एकेडमी का आयोजन

# युगांतर खेलो इंडिया एकेडमी ने जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केन्द्र राजनांदगांव द्वारा दिग्विजय स्टेडियम में अखिल भारतीय अंतर साई और अंतर खेलो इंडिया एकेडमी बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में युगांतर खेलो इंडिया बास्केटबॉल एकेडमी राजनांदगांव की बालक बास्केटबॉल टीम ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। 8 से 12 जुलाई तक चले इस प्रतियोगिता को लीग कम नॉकआउट पद्धति से खेला गया।

प्रतियोगिता में साई ट्रेनिंग सेंटर राजनांदगांव की दो टीम, साई ट्रेनिंग सेंटर जबलपुर, साई ट्रेनिंग सेंटर सेलम, साई ट्रेनिंग सेंटर धारवाड़, साई ट्रेनिंग सेंटर वाराणसी, युगांतर खेलो इंडिया एकेडमी एवं साई ट्रेनिंग सेंटर जम्मू की टीमों ने हिस्सा लिया।



पूर्व सांसद मधुसूदन यादव अखिल भारतीय अंतर साई और अंतर खेलो इंडिया एकेडमी बास्केटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर समाजसेवी शैंकी बग्गा, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी लुमेन्द्र साहू उपस्थित थे।

समापन समारोह में अतिथियों द्वारा विजेता और उपविजेता तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया एवं प्रतियोगिता में शामिल सभी कोच, मेनेजर और रेफरी को भी सम्मानित किया। प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार खेलो इंडिया बास्केटबॉल एकेडमी के ओम स्तिता को, बेस्ट शुटर का पुरस्कार जबलपुर के मोहित मलिक एवं प्रोमिसिंग प्लेयर का पुरस्कार वाराणसी के राजेश सिंह को प्रदान किया।फाइनल में युगांतर खेलो इंडिया बास्केटबॉल एकेडमी राजनांदगांव की टीम ने साई ट्रेनिंग सेंटर वाराणसी की टीम को 81-61 अंकों से परास्त किया। पिछली विजेता साई ट्रेनिंग सेंटर जबलपुर की टीम ने साई ट्रेनिंग सेंटर राजनांदगांव की टीम को 66-59 अंकों से परास्त किया। खेलो इंडिया बास्केटबॉल एकेडमी राजनांदगांव की ओर से ओम स्तिता, साहिल, प्रदीप कुमार, शुभम सिंह, अमन कश्यप ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जबकि वाराणसी की ओर से राजेश सिंह और देवेश जायसवाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जबलपुर की ओर से मोहित मलिक एवं अजय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। युगांतर खेलो इंडिया बास्केटबॉल एकेडमी की कोच कालवा राधा राव, नवनीत द्विवेदी एवं वंदना सिंह थे।

#### खिलाड़ियों को मधु ने दी बधाई

पूर्व सांसद यादव ने प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा सभी तरह खेलों को बढ़ावा देने हर संभव प्रयास किया जा रहा है और खिलाड़ियों को प्रशिक्षण सहित अन्य सुविधाएं मिल रही है। जिले में खेलों के विकास से लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। साई ने मृणाल चौबे, रेणुका यादव, लुमेन्द्र साहू, श्रवण कुमार सहित कई अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी दिए। पूर्व सांसद ने अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक कालवा राजेश्वर राव द्वारा राजनांदगांव के बास्केटबॉल को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि साई द्वारा जिले में बास्केटबॉल खेल को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने पदक विजेता टीम को बधाई दी और प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए सभी टीमों को धन्यवाद दिया।

# पानाबरस परियोजना मंडल कार्यालय मोहला में होगा शिफ्ट, कर्मचारियों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के तहसील कार्यालय परिसर के समीप संचालित पानाबरस परियोजना मंडल के कार्यालय को मोहला शिफ्ट किए जाने का आदेश जारी होने पर कर्मचारियों में इसके शिफ्टिंग को लेकर आक्रोश की स्थिति है। यहां कार्यरत कर्मचारियों ने इसकी शिफ्टिंग रोकने विधानसभा अध्यक्ष, वन मंत्री और मानव अधिकार आयोग से गुहार लगाई है।

अविभाजित राजनांदगांव जिला मोहला के लिए पानाबरस परियोजना मंडल के राजनांदगांव स्थित कार्यालय को मानपुर में शिफ्ट किए जाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। यहां लगे सामानों को वाहन के माध्यम से मोहला शिफ्ट किया जा रहा है। जिसको लेकर यहां कार्यरत कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। कर्मचारियों ने ज्ञापन के माध्यम से अपनी परेशानियां बताते हुए प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम को अवगत कराया है कि निगम प्रबंधन द्वारा पानाबरस परियोजना मंडल राजनांदगांव का कार्यालय नवनिर्मित भवन से ही संचालित किया जाए, अगर इस कार्यालय को मोहला शिफ्ट किया जाता है तो कर्मचारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। नवीन जिला मोहला में कार्यालय भवन की पर्याप्त जगह उपलब्ध नहीं है ना ही कार्यालीन कर्मचारी के निवास हेतु व्यवस्था है। ऐसी स्थिति में अल्प वेतन भोगी एवं अनियमित कर्मचारी आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान होंगे। अधिकांश नियमित कर्मचारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं। वहीं अधिकांश दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी हैं जिनका न्यूनतम वेतन 10 हजार रुपए है, ऐसी स्थिति में उन्हें किराये के मकान लेकर अपने परिवार का भरण-पोषण करने में कठिनाई होगी।

## विधानसभा अध्यक्ष और वन मंत्री से लगाई गुहार

### पहले भी रद्द हो चुका है आदेश

पानाबरस परियोजना मंडल के कार्यालय को मोहला में शिफ्ट किए जाने को लेकर वन विकास निगम प्रबंध संचालक द्वारा 29 अगस्त वर्ष 2022 को आदेश जारी किया गया था। वहीं 24 मई 2023 को इस आदेश को निरस्त कर दिया गया। अब एक बार फिर छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम द्वारा बीते 9 जुलाई को आदेश जारी करते नवीन जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के जिला मुख्यालय मोहला में वन विकास निगम के पानाबरस परियोजना मंडल कार्यालय कार्य क्षेत्र पानाबरस होने के चलते प्रशासनिक दृष्टिकोण से मोहला में संचालित किए जाने का आदेश जारी किया गया है।



### 65 लाख की लागत का भवन

छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम का पानाबरस परियोजना मंडल कार्यालय स्वपोशी संस्था है। राजनांदगांव में 1978 से डिवीजन कार्यालय की स्थापना हुई थी। जिसमें डिवीजन कार्यालय 2019 तक किराये के भवन में संचालित होता रहा। निगम द्वारा 2017 में छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम पानाबरस परियोजना मंडल कार्यालय के लिए 6133 वर्ग फीट में आठ कमरे और एक हाल के भवन का निर्माण 65 लाख रुपए की लागत से कराया गया था। जिसमें वर्तमान में निगम मंडल का कार्यालय संचालित है।

### कई जिले में अलग संचालन

वन विकास निगम के परियोजना मंडल का कार्यालय प्रदेश के कई जिलों में अपने कार्य क्षेत्र से अलग दूसरे जगह पर संचालित है। कर्मचारियों ने ज्ञापन के माध्यम से हवाला देते बताया कि बारनवापारा परियोजना मंडल का कार्य क्षेत्र महासमुंद है, लेकिन कार्यालय बारनवापारा से संचालित किया जा रहा है। इसी प्रकार अंबिकापुर परियोजना मंडल का वन क्षेत्र सूरजपुर और बलरामपुर कोरिया जिले के अंतर्गत है, लेकिन इस मंडल का कार्यालय अंबिकापुर से संचालित किया जा रहा है। इसी तरह अंतागढ़ परियोजना मंडल का वन क्षेत्र भानुप्रतापपुर, कांकेर जिले के अंतर्गत है, लेकिन मंडल कार्यालय भानुप्रतापपुर से संचालित किया जा रहा है।

---

### चिल्हाटी से पाटन मुख्य मार्ग बाधित

# पहली बारिश में एप्रोच रोड का पुल बहा दो दर्जन से ज्यादा गांव टापू में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

विगत कई सालों से मंद गति से चल रहे चिल्हाटी पाटन हाइवे मार्ग में मरारटोला के पास बन रहे पुल के परिवर्तित मार्ग में आवाजाही को लेकर बनाया गया पुल आज पहली बारिश में ही ढह गया। पुल के बह जाने से चिल्हाटी से पाटन के बीच स्थित 25 से 30 गांवों का जनजीवन मुसीबतों में आ गया है।

उल्लेखनीय है कि चिल्हाटी से पाटन 22 किलोमीटर की सड़क तथा नदी-नालों पर पुल निर्माण को लेकर शासन स्तर पर स्वीकृति प्राप्त हुई है। कार्य एजेंसी संबंधित ठेकेदार पीडब्ल्यूडी के अफसरों के साथ मिलकर पूरे निर्माण में भ्रष्टाचार करते हुए इस निर्माण को विगत कई सालों से लटकाते हुए मंद गति से करते आ रहा है। चिल्हाटी के आश्रित ग्राम मरारटोला में 2.5 करोड़ रुपए की लागत से पुलिया निर्माण किया जा रहा है। साथ ही परिवर्तित मार्ग और आवाजाही के लिए पुल की योजना बनाई गई थी, ताकि पाटन चिल्हाटी के बीच निवासरत आम ग्रामीणजन को परेशानी का सामना न करना पड़े, लेकिन पहली ही बारिश में यह मार्ग और पुल बह गया। जिससे स्थानीय लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना के साथ 25 से 30 गांवों के स्कूली छात्र-छात्राओं के अध्यापन के लिए स्कूल पहुंचने वाले शिक्षक और ग्रामीण प्रभावित हो गए हैं। यह मुख्य सड़क महाराष्ट्र के बेदकाठी, कोरची, बोरी तथा कोटगुल को भी जोड़ता है।



### स्तरहीन एप्रोच रोड और पुल

स्थानीय निवासियों ने बताया कि पीडब्ल्यूडी विभाग के संरक्षण में ठेकेदार ने परिवर्तित मार्ग और पुल की गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा। स्तरहीन सड़क और पुल का निर्माण किया गया था। जिसके कारण गर्मी के दिनों में भी मुख्य मार्ग पर आवाजाही करने वाले आम लोगों को बेहद मुश्किलों का सामना करना पड़ा और अब सड़क सहित पुल ही बह गया।

### कलेक्टर के निर्देश पर अमल नहीं

कलेक्टर एस जयवर्धन ने 9 जुलाई को लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को बरसात के चलते सड़कों की स्थिति का मुआयना करने के साथ जिले की सारी गड्ढेदार और क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत करने के साथ ही सड़कों पर पानी जमाव को रोकने तथा जर्जर सड़कों की वजह से कोई जान माल की हानि न हो, जिसके लिए कड़ाई से पालन करने निर्देश जारी किए थे, परंतु विभाग के अफसरों ने कलेक्टर के निर्देशों को हल्के में लिया।

### पुल के बह जाने से संकट में थाना और फोर्स

धूर नक्सल क्षेत्र पाटन ख्वास में स्थापित थाना में तैनात अफ़सर और सुरक्षा बल के जवानों के लिए मुख्य सड़क की एप्रोच रोड और पुल के बह जाने से आवाजाही के लिए संकट खड़ा हो गया है। वहीं टेमली, वासडी, बंजारी, डुंडेराटोला, खैरीपांगरी, ठाकुरटोला, छूही खड़का, डूमरगुचा, डोंगरीटोला, विचारपुर, साल्हे, बैगाटोला, मिर्चे, दक्कोटोला, मुड़पार ईहोडा, छुरियाडोंगरी पाटनटोला, पाटनख्वास आदि गांवों का आवागमन चिल्हाटी मुख्यालय से नहीं हो पा रहा है।

### विभागीय को कमीशन से मतलब

इस घटना ने पीडब्लूडी विभाग की लापरवाही को एक बार फिर से उजागर कर दिया है। विभाग द्वारा किए जा रहे सभी कार्य की गुणवत्ता पर लगातार सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि विभाग को सिर्फ कमिशन से ही मतलब है, काम कैसे भी हो विभाग समय रहते उचित कदम उठाया होता तो यह समस्या उत्पन्न नहीं होती।

---

# दर्जनभर किसानों को सूदखोरों ने बनाया लाखों का कर्जदार



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के छुरिया क्षेत्र में सूदखोरों द्वारा लगभग एक दर्जन भोले-भाले किसानों को फंसाकर उनके नाम पर अधिक कर्ज लेकर उन्हें लाखों रुपए का कर्जदार बनाने का मामला सामने आया है। सूदखोरों के चंगुल में फंसे किसानों ने आज कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से इस मामले में कार्रवाई की मांग की है।

सूदखोरों के जाल में फंसे छुरिया ब्लॉक के ग्राम लालूटोला क्षेत्र के सैकड़ों किसान आज कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे। इस दौरान किसानों ने अपनी पीड़ा बताते कहा कि उन्होंने अपनी ऋण पुस्तिका के जरिये अख्तर खान और अन्य के माध्यम से भोजराज ईसरानी से कर्ज लिया था। कर्ज के रुपए पटाने के बाद भी अधिक कर्ज लेना बताया जा रहा है। अपने ज्ञापन के माध्यम से छुरिया क्षेत्र के जैतगुड़ा निवासी मालाबाई पति स्व. महेश्वरी ने बताया कि अख्तर खान के जरिये वह भोजराज इसरानी से मिली थी। उसे कृषि कार्य के लिए रुपयों की जरूरत थी। जिसके बाद राजनांदगांव में रजिस्ट्रार कार्यालय ले जाकर उससे लिखा-पढ़ी कराया गया और एक लाख रुपए देकर घर भेज दिया गया। बाद में दो-तीन बार करके अख्तर खान ने 70 हजार रुपए और लाकर दिए। मालाबाई ने कहा कि उसे कुल एक लाख 70 हजार रुपए ही मिले, लेकिन बाद में पता चला कि उसकी ऋण पुस्तिका पर 5 लाख रुपए कर्ज निकल लिया गया है और उसे ओरिजनल की जगह डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका दिया गया है। वहीं किसान जुगल किशोर ने बताया कि उसके ससुर के नाम से एक लाख 20 हजार रुपए निकल गया था, लेकिन उसके पर्चे में ढाई लाख रुपए निकल जाना बताया गया। जिसके बाद सदमे में हार्टअटैक से उसके ससुर रामनाथ की मौत हो गई। कोटवार भरम के पुत्र अजय गंधर्व ने बताया कि उसके पिता ने 7 हजार रुपए कर्ज लिया था, लेकिन उसके नाम पर 5 लाख रुपए निकाल लिया गया। वहीं भोजराज ईसरानी ने 10 एकड़ भूमि का मुखतियारनामा बना लिया गया।

### 55 लाख के कर्जदार

किसानों के साथ पहुंचे भाजपा जनजाति मोर्चा के प्रांत अध्यक्ष एमडी ठाकुर ने कहा कि 14 किसानों से धोखाधड़ी और जालसाजी करते हुए झूठे दस्तावेजों के जरिये किसानों को कर्जदार बना दिया गया है। इन किसानों के ऊपर 55 लख रुपए का कर्ज बताया जा रहा है। जबकि किसी किसान को एक लाख दिया गया है, तो उससे 30 हजार रुपए कमीशन काट लिया गया है और किसी किसान को 7 हजार रुपए देकर 5 लाख का कर्जदार बना दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया है।

### महापंचायत में खुलासा

सूदखोरों द्वारा किसानों से जालसाजी करते उन्हें लाखों रुपए का कर्जदार बनाए जाने के मामले में बीते 12 जून को छुरिया ब्लॉक के किसानों का महापंचायत लालूटोला में रखा गया था। बताया जा रहा है कि इस महापंचायत में भोजराज इसरानी को बुलाया गया था, जहां उसके द्वारा किसानों से धोखाधड़ी कबूल की गई, तब कई किसानों को उनके साथ धोखाधड़ी का खुलासा हुआ।

### की जाएगी जांच

छुरिया ब्लॉक के लालूटोला में किसानों से ऋण पुस्तिका के माध्यम से धोखाधड़ी का मामला है। जिसकी जांच की जाएगी।

\- सुरूचि सिंह, सीईओ,
जिला पंचायत राजनांदगांव

---

### पृष्ठ 09 का शेष

**आबकारी मामले में...**

थाना डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा 36(च) के 1 प्रकरण, थाना घुमका पुलिस द्वारा 36(च) के 2 प्रकरण, थाना सोमनी पुलिस द्वारा 36(च) के 2 प्रकरण, ओपी सुरगी पुलिस द्वारा 36(च) के 1 प्रकरण, थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा 36(च) के 6 प्रकरण, थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा 36(च) के 3 प्रकरण आबकारी एक्ट के तहत कुल 19 प्रकरणों में 20 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 110 पौवा अवैध देशी शराब कीमती 9900 रुपए जब्त किया गया एवं सभी 20 आरोपियों को ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया।

---

# शहर में सफाई व्यवस्था चौपट



**राजनांदगांव।** शहर के कई वार्डों में इन दिनों सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है, जिसे लेकर आम लोगों में आक्रोश व्याप्त है। बदहाल सफाई व्यवस्था को लेकर शहर के दबंग ग्रुप ने नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर ठेका वाले वार्डों की बदहाल सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट और सड़क पर बैठी मवेशियों के संबंध में व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की गई है।

शहर में इन दिनों सफाई व्यवस्था बदतर नजर आ रही है। शहर के कई वार्डों में कचरों का अंबार देखा जा सकता है। बारिश के सीजन में संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है। इसके बावजूद शहर की सफाई व्यवस्था ठप नजर आ रही है। जिसको लेकर शहर के लोगों को भी चिंता होने लगी है। सफाई व्यवस्था के मामले को लेकर शहर के दबंग ग्रुप ने ज्ञापन सौंपते कहा है कि शहर की सफाई व्यवस्था चौपट होने से स्वच्छ शहर की छवि धूमिल हो रही है। वहीं समिति के सदस्य व पार्षद शिव वर्मा ने कहा कि शहर के 27 वार्ड ठेके पर चल रहे थे। 15 दिन पहले सफाई ठेका समाप्त हो गया था। जिसके लिए फिर से ठेका किया गया, लेकिन महापौर परिषद ने 30 कर्मचारी कम होने के चलते ठेका निरस्त कर दिया। ठेका निरस्त होने के बाद नगर निगम आयुक्त को नया टेंडर करना था। अब निगम आयुक्त ने 30 कर्मचारी बढ़ाकर महापौर परिषद को भेजा है। वहीं उन्होंने कहा कि शहर में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था भी चरमराई हुई है और सड़क पर बैठे मवेशियों को उठाने की जिम्मेदारी भी नगर निगम प्रशासन की है, लेकिन इसके बावजूद बदहाल व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने कार्य नहीं किया जा रहा है।

### आंदोलन की चेतावनी

शहर की बदहाल सफाई व्यवस्था के कारण संक्रमण का खतरा बढ़ा हुआ है। सफाई ठेके वाले वार्डों की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चौपट है। जिससे शासन-प्रशासन की छवि भी खराब हो रही है। ग्रुप के सदस्यों ने दो-तीन दिन में सफाई व्यवस्था ठीक नहीं होने पर ठेके वाले वार्डों के स्थानीय नागरिकों के साथ उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

### व्यवस्था होगी दुरूस्त

300 कर्मचारी एमआईसी की अनुशंसा पर रखे गए थे, उन्हें वापस काम पर रखने के लिए अनुशंसा पत्र एमआईसी को भेजा गया था। एमआईसी से अनुशंसा प्राप्त हो गई है, इन कर्मचारियों को पुनः कार्य पर रखा जा रहा है। कल से सभी फील्ड पर कार्य करते नजर आएंगे। शीघ्र ही व्यवस्था दुरूस्त होगी।

\-अभिषेक गुप्ता, आयुक्त, ननि राज

### सड़क पर मवेशी, जताई चिंता

ज्ञापन सौंपने के दौरान दबंग ग्रुप के लोगों ने बारिश के इस मौसम में शहर के हाईवे, ग्रामीण वार्ड से लेकर अन्य वार्ड के सड़कों पर मवेशियों के बने डेरे को लेकर भी निगम आयुक्त से मांग की है कि मवेशियों को कांजी हाऊस ले जाने एवं मवेशी मालिकों पर भी कार्रवाई की जाए। इस मौके पर प्रमुख रूप से शिव वर्मा, दीपक चौहान, रमेश सोनवानी, संजय लडवन, एनके साहू, सुरजू धीवर, दिवेश ठाकुर, शेखर यादव, राजा वर्मा, राजेश, पवन निर्मलकर, गेनु कुंजाम, सतीश रवेतकर, विजय सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे।

---

# तलवार लहराते युवक पकड़ाया

**राजनांदगांव।** मोहारा बायपास ओवरब्रिज के नीचे तलवार लहराकर लोगों को डराने-धमकाने के आरोपी को पकड़कर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर राजू खोब्रागढ़े पिता तीजू खोब्रागढ़े 41 वर्ष निवासी बजरंग नगर मोहारा को मोहारा बायपास फ्लाई ओवर के नीचे में घेराबंदी कर पकड़कर आरोपी के कब्जे से एक लोहे का धारदार नुकिला तलवार जब्ती किया। पुलिस के अनुसार आरोपी द्वारा आने-जाने वाले लोगों को डराते-धमकाते मिलने पर आरोपी के विरूद्ध 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई।



---

# जिला को मिला इंटरसेप्टर वाहन, ट्रैफिक उल्लंघन करने वालों पर होगी नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस मुख्यालय रायपुर द्वारा आबंटित नए इंटरसेप्टर वाहन को पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा राजनांदगांव रेंज द्वारा पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। बताया गया कि यह वाहन अत्याधुनिक मशीनों से लैस है। स्पीड लेजर गन, लेजर एवं इन्फ्रारेड तकनीक में कार्य करती है। यह सड़क पर तेज गति से चलने वाले वाहनों को 500 मीटर की दूरी से कैप्चर कर लेती है। जिससे ओव्हर स्पीड चलने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई करने में सहायक होगी।

### होगी कार्रवाई

इंटरसेप्टर वाहन की मदद से अब यातायात पुलिस यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर लगातार कार्रवाई करेगी। यातायात पुलिस की आम लोगों से अपील है कि यातायात नियमों का पालन करें, ओव्हर स्पीड एवं शराब सेवन कर वाहन न चलाए। नियंत्रित गति में वाहन चलाएं एवं सुरक्षित रहें।




### वाहन में कई विशेषताएं

साथ ही इंटरसेप्टर वाहन में एक साथ अन्य कई विशेषताएं, स्पीड राडार गन निर्धारित गति से तेज चलने वाले वाहनों की गति मापन, ब्रीथ एनालाईजर-नशे में वाहन चलाने की जांच, सर्विलांस कैमरा-वाहनों की निगरानी, प्रकाश तीव्रता मापन यंत्र-वाहनों की तेज हेड लाईट्स (प्रकाश) जांच , ग्लास पारदर्शिता यंत्र-वाहन के ग्लास की पारदर्शिता मापने, ध्वनि मापक यंत्र-वाहन में लगे ध्वनि विस्तारक यंत्रों की आवाज मापने, पीए सिस्टम यंत्र-सुगम यातायात प्रबंधन हेतु दिशा-निर्देश की सुविधा है।

---

# गुम बैग को पुलिस ने किया प्रार्थी के सुपुर्द

**राजनांदगांव।** दुकान बंद कर प्रार्थी बैग में सामान रखकर घर जा रहा था। इस दौरान उनका बैग कहीं गिर गया। घटना की सूचना पर पुलिस ने बैग को खोजकर प्रार्थी को लौटाया।

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी अजय भारती साहू निवासी रेवाडीह वार्ड नं. 22 ने थाना आकर सूचना दिया कि जिला कार्यालय के सामने ओवरब्रिज के नीचे बिजली सामान का दुकान लगाता है। दुकान को बंद कर घर जा रहा था। थैला मोटर साइकिल के पीछे बांधा था, जो घर जाने के बाद पता चला कि बैग रास्ते में कहीं गिर गया।

**सीसीटीवी फुटेज बना सहायक**

सूचना पर तत्काल पुलिस स्टाफ भेजकर कलेक्टोरेट, अम्बडेकर चौक के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया। जिसमें एक व्यक्ति द्वारा अम्बेडकर चौक से प्रार्थी के गिरे हुए बैग को उठाकर अपने साथ ले जाते देखा गया। अज्ञात व्यक्ति के मोटर साइकिल नंबर के आधार अज्ञात व्यक्ति का पता लगाया गया व अज्ञात व्यक्ति को थाना बुलावाकर गुम बैग जिसमें प्रार्थी का 10 नग इमरजेंसी लाईट, 8 नग टार्च, 4 नग बल्ब, पर्स जिसमें आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड एवं आवश्यक दस्तावेज इत्यादि रखा था, जिसे ढूंढकर प्रार्थी को सौंपा गया, जिस पर प्रार्थी द्वारा कोतवाली पुलिस की त्वरित कार्रवाई से खुश होकर सभी स्टाफ को धन्यवाद दिया गया। उपरोक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, आरक्षक कमलेश बंजारे, ललित सिंह, सीसीटीवी ऑपरेटर अभिषेक साहू एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

---

### झूठी खबर ने ली जान, थाना ले जाने के बाद बिगड़ी थी तबीयत

# बेटे की मौत, न्याय के लिए पिता कर रहा फरियाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पशुक्रूरता के झूठे मामले को लेकर जान गंवा चुके अपने बेटे की मौत के दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर एक पिता ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है। बीते दिनों जिले के डोंगरगढ़ क्षेत्र के ग्राम बेलगांव में लगभग 25 वर्षीय टाकेश्वर कंवर पर मवेशी से अनाचार की झूठी खबर फैलाई गई।

इस खबर से युवक के खिलाफ माहौल बना और कुछ संगठन के लोगों के दबाव के बाद पुलिस बिना एफआईआर के ही युवक को थाना ले गई। जिसके बाद युवक की तबीयत बिगड़ी और फिर उसकी मौत हो गई। युवक की मौत के बाद उसके पिता फूलचंद कंवर ने अब न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस अधीक्षक को दिए गए ज्ञापन में मृतक के पिता फूलचंद ने कहा है कि उसके पुत्र के खिलाफ मवेशी के साथ अनाचार की झूठी खबर फैलाई गई। इसके बाद ग्रामीणों ने मामले की जांच के लिए ग्रामसभा बुलाई, लेकिन ग्रामसभा में मामला साबित नहीं हुआ। इसके बाद माता शीतला मंदिर में पूजा-अर्चना कर मामला समाप्त कर दिया गया, लेकिन मामला शांत होने के बाद भी पुलिस ने बिना एफआईआर के टाकेश्वर कंवर को डोंगरगढ़ थाना ले गई और उसके खिलाफ पशुक्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई किया जाना बताया। इसके बाद थाना में ही टाकेश्वर की तबियत बिगड़ने लगी। पुलिस वालों ने उसे परिजन को सौंपने के बजाय शासकीय अस्पताल में ले जाकर छोड़ दिया। जिसके बाद उसकी बिगड़ती हालत को देखते उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल राजनांदगांव रेफर किया गया और फिर यहां भी हालत नहीं सुधरने पर उसे भिलाई के हाईटेक अस्पताल ले जाया गया, जहां रात लगभग 1 बजे उसकी मौत हो गई।



### टाकेश्वर के दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग

मृतक के पिता ने आरोप लगाते कहा है कि पुलिस की प्रताड़ना, डर और घबराहट के चलते उसके पुत्र की मौत हुई है। उसने इस मामले में झूठी खबर अपने चैनल के माध्यम से फैलाने वाले पत्रकार अनिल सिन्हा, डोंगरगढ़ के पूर्व थाना प्रभारी सीआर चंद्रा, एसडीओपी आशीष कुंजाम, सामाजिक संगठन के हनी गुप्ता और अन्य लोगों पर हत्या का मामला दर्ज करने की गुहार लगाई है, ताकि उसके निर्दोष पुत्र को न्याय मिल सके।

### ग्रामीणों ने दिया आवेदन

ग्राम बेलगांव के लोगों सहित सरपंच, ग्रामसभा प्रमुख डुमर कंवर एवं कंवर समाज प्रमुख ने मिलकर एसपी को ज्ञापन देते कहा है कि टाकेश्वर कंवर के ऊपर अनैतिक कार्रवाई की गई है। जिसके दोषियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाए।

**पदयात्रा :** सावन महीने के प्रथम सोमवार 22 जुलाई को भोरमदेव पदयात्रा का होगा आयोजन

# कलेक्टर ने भोरमदेव पदयात्रा को लेकर अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम जिले में स्थित ऐतिहासिक, धार्मिक, पुरातत्व एवं पर्यटन महत्त्व स्थल भोरमदेव मंदिर के लिए के लिए आयोजित पदयात्रा को भव्य रूप देने के लिए कलेक्टर जनमेजय महोबे ने अधिकारियों को दायित्व सौंपे। प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी सावन महीने के प्रथम सोमवार 22 जुलाई को भोरमदेव पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। पदयात्रा बुढ़ा महादेव मंदिर कवर्धा से सबेरे 7 बजे से शुरू होगी।

पदयात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल होने का अनुमान है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने सोमवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में भोरमदेव पदयात्रा की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर श्री महोब के निर्देश पर कांवरियो और पदयात्रियों को किसी भी तरह की परेशानियां ना हो इसके लिए जिला प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। पदयात्रियों के लिए बुढ़ा महादेव मंदिर से लेकर भोदमदेव मंदिर प्रांगण तक पूजा अर्चना की व्यवस्था, पण्डाल, पेयजल, चाय, नास्ता, आपात चिकित्सा, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था सहित सभी प्रकार की तैयारियां की जा रही है। इस संबंध में कलेक्टर जनमेजय महोबे ने पूर्व में पदाधिकारियों, गणमान्य नागरिकों, मीडिया के प्रतिनिधियों, प्रेस क्लब, लायंस क्लब, ज्वाईन हेण्डस तथा विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा कर चुके है।

### श्रद्धालुओं के लिए शीतल पेयजल व नास्ता की होगी व्यवस्था



भोरमदेव पदयात्रा के प्रति वर्ष बढ़ते उत्साह को ध्यान में रखते हुए पदयात्रियों के लिए 18 किलोमीटर की इस पदयात्रा में अलग-अलग स्थानों पर पेयजल, नास्ता, नीबू-शरबत और चाय की विशेष व्यवस्था की है। इस व्यवस्था में जिला प्रशासन के साथ-साथ विभिन्न संगठनों व समाजिक संगठनों ने भी साथ दिया। पदयात्रियों के लिए सकरी नदी विद्युत केन्द्र के पास ग्राम समनापुर, बरपेलाटोला, रेंगाखारखुर्द, कोडार, राजानवागांव व बाघुटोला तथा छपरी गौशाला भोरमदेव मंदिर परिसर में व्यवस्था की गई है।

### चिकित्सकों की टीम, स्वास्थ्य शिविर की निःशुल्क व्यवस्था

कलेक्टर श्री महोबे ने पदयात्रियों के लिए पदयात्रा के दौरान अस्वस्थ्य होने की स्थिति आपात चिकित्सा व्यवस्था के तहत एंबुलेंस, डॉक्टर एवं जीवन रक्षक दवाईयों की व्यवस्था तथा फर्स्ट एड बॉक्स की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के लिए सीएमएचओं को दायित्व सौंपा गया। कलेक्टर श्री महोबे ने बताया कि पदयात्रा के साथ-साथ एम्बूलेंस भी चलेगी, चिकित्सो की टीम भी तैनात रहेगी। इसके साथ-साथ गांवों में स्वास्थ्य शिविर में निःशुल्क मरहम पट्टी की व्यवस्था भी रहेगी।

# आंगनबाड़ी केन्द्र कोठार में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण किया

■ पौधरोपित कर संरक्षण का लिया संकल्प।

हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम का शुभारंभ किया गया। जिसमें कवर्धा विकासखंड क्षेत्रांतर्गत ग्राम कोठार स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण किया। इस अवसर पर कार्यकर्ता सरोज साहू, नंदिनी यादव, दुलेश्वरी पाली व आंगनबाड़ी सहायिका रेशम कठुलिया, लक्ष्मी व ग्राम के मितानिन सुगंधी चंद्रवंशी, सीता साहू, उषा मिश्रा तथा महतारी वंदन से लाभान्वित कुंती साहू, अनीता यादव ने पौधरोपित कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के लिए एक पेड़ मां के नाम लगाने प्रेरित किया। साथ ही साथ ग्राम प्रमुख सरपंच तोरण साहू, पंच मनोज साहू, रोजगार सहायक निर्मल दास मिरज, लक्ष्मण गंधर्व द्वारा सभी ग्रामों में अभियान चलाकर वृहद पौधरोपण व संरक्षण के लिए कार्यक्रम आयोजित संकल्प लिए। । इस अवसर सभी जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारियों ने आंगनबाड़ी परिसर में पौधरोपण किया जिसमें फलदार व छायादार जिसमें जामुन, आम, नीम, वट, पीपल, गुलमोहर का पौधरोपित सुरक्षा का संकल्प लिया गया।

### एसपी व पाण्डातराई निरीक्षक स्टॉफ की विशेष सुरक्षा को लेकर चर्चा



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कंझेटा में पुलिस अधीक्षक व थाना पाण्डातराई निरीक्षक एवं स्टॉफ द्वारा ग्राम कंझेटा में विशेष बैठक एवं परिचर्चा किया गया। जिसमें ग्रामीण किसान के साथ-साथ गांव के सुरक्षा के बारे में चर्चा किया गया, जिसमें अवैध शराब बिक्री, गांजा परिवहन व अन्य अपराधिक मामलों में पुलिस अधीक्षक ग्राम कंझेटा के ग्रामवासियों के साथ विशेष चर्चा किया गया तथा गांव के सुरक्षा की अपराधिक गतिविधियों में रोकथाम के लिए गांव वाले को जन-जागरूक किया गया। इस दौरान ग्रामीण मोहन चंद्रवंशी, बलदाऊ चंद्रवंशी, भुलाऊ चंद्रवंशी, ग्राम सरपंच छोटू चंद्रवंशी, बलराम यादव सहित ग्राम कंझेटा के ग्रामीण जन व गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें।

## खबर संक्षेप

### स्वच्छता पर नाटक का मंचन

**तुमडीबोड़।** ग्राम पंचायत को ओडीएफ प्लस माडल बनाने के लिए जिला पंचायत के आदेशानुसार शनिवार को ग्राम पंचायत, आईबी ग्रुप की पहल टीम ने शिक्षकों, विद्यार्थियों, महिलाओं, मितानिन, स्वच्छता दीदी के साथ जागरूकता रैली निकाला। बच्चों और स्वच्छ्ता ग्राही दिदियों को एबीस ग्रुप पहल का टी शर्ट दिया गया। जागरूकता रैली हाई स्कूल प्रांगण से निकलकर गलियों का भ्रमण करते हुए मुख्य चौक पर पहुंची। यहां एबीस पहल टीम ने बच्चों के साथ नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। नाटक में ग्रामवासियों को स्वच्छता का महत्व बताते हुए ओडीएफ प्लस माडल की जानकारी दी गई।

### रायपुर डिवीजन में डोंगरगढ़ को शामिल करने की मांग

**डोंगरगढ़।** स्थानीय रेलवे स्टेशन को रायपुर डिवीजन में शामिल करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में यहां स्टीम इंजन, डीजल शेड, वासिंग लाइन की सुविधा थी किन्तु एक एक कर अधिकांश सुविधाएं कम होती गई। रेलवे स्टेशन को रायपुर डिवीजन में शामिल करने से कर्मचारियों के साथ आम जनता को विकास की मांग रखने में आसानी होगी।

### ट्रांसफार्मर खराब होने से किसान परेशान

**उदयपुर।** अतरिया रोड में लगे ट्रांसफार्मर के खराब होने से किसान परेशान है। दो माह पहले ही ट्रांसफार्मर को बदला गया था तब से उसमे खराबी है। इस ट्रांसफार्मर से 20 से अधिक किसानों ने स्थाई अस्थाई कनेक्शन ले रखा है। खराबी की वजह से कई पंप जल चुके है जिसकी शिकायत विभाग में की गई है। ट्रांसफार्मर को शीघ्र दुरूस्त नहीं किया गया तो सिंचाई के अभाव में किसानों की फसलें बर्बाद हो जाए।

# वनांचल क्षेत्र की गर्भवती माताओं को मिलेगा मेगा हैल्थ शिविर का लाभ



■ अब मेगा हैल्थ शिविर में होगी गर्भवती माताओं की सोनोग्राफी से जांच।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय की गर्भवती माताएं अब वनांचल में लगने वाली मेगा हेल्थ शिविर में स्वयं और गर्भ में पल रहे बच्चें का विशेष ख्याल रख पाएंगी। मेगा हैल्थ शिविर में अब वनांचल क्षेत्र में निवारसत महिलाओं, पुरूष और खासकर गर्भवती माताओं को सोनोग्राफी की सुविधाएं मिलने जा रही है। मेगा हैल्थ शिविर का आयोजन आगामी 19 जुलाई को आदिवासी एवं बैगा बाहुल्य बोड़ला विकासखण्ड के सुंदूर वनांचल क्षेत्र ग्राम झलमला में होने जा रहा है।

वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणजनों को इस शिविर में पहली बार सोनोग्राफी जैसी अत्याधुनिक उपकरणां का लाभ मिलने जा रहा है। जिस पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा दिए गए निर्देशों का जिले में क्रियान्वयन शुरू हो गया है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने राज्य शासन की मंशानुरूप जिले में वनांचल में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा और आदिवासियों के बेहतर स्वास्थ्य लाभ के लिए ग्राम झलमला में 19 जुलाई को मैगा हैल्थ शिविर के लिए दिन निर्धारित की है। मेगा हेल्थ शिविर में शासकीय चिकित्सकों के अलावा अन्य विशेष चिकित्सक और उनके टीम भी अपनी सेवाएं देंगे।

कलेक्टर श्री महोबे ने जिला पंचायत सीईओं, सीएमएचओ, बोड़ला एसडीएम, जनपद सीईओ और आरटीओं विभाग को मेगा हैल्थ शिविर में तैयारियों के लिए विशेष जिम्मेदारी दी। स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य विभाग और समाज कल्याण विभाग की विशेष सहभागिता रहेगी। कलेक्टर ने बताया कि इस मेगा हैल्थ शिविर में गर्भवती माताओं सहित शिशु रोग विशेषज्ञ, सामान्य मौसमी सर्दी-खासी बुखार सहित सभी तरह के रोगों का उपचार किया जाएगा। उपचार के बाद उन्हे दवाइयां भी दी जाएगी।

वनांचल के ग्रामीणजन स्वास्थ्य शिविर के आलावा आयुष्मान भारत कार्ड, दिव्यांगजनों का परीक्षण, आधार कार्ड बनाने का लाभ भी उठा सकते है। कलेक्टर ने झलमला के आसपास के गांवों में इस मेगा हैल्थ शिविर के आयोजन के व्यापक प्रचार-प्रसार करने और गांव के कोटवार के माध्यम से गावों में मुदानी कराने दिशा-निर्देश दिए।

### वनांचल क्षेत्रों में विशेष मेगा हैल्थ शिविर लगाने जिला प्रशासन को निर्देश दिए : शर्मा

उल्लेखनीय है कि उपमुख्यमंत्री पिछले दिनों वनांचल के ग्राम सोनवाही के दौरे पर आए थे। उनके समक्ष वनांचल में निवासरसत विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय की महिलाओं ने स्वास्थ्य शिविर में सोनोग्राफी जैसी अत्याधुनिक मशीनों की मांग की थी। महिलाओं और ग्रामीणों की मांग पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने जिले के वनांचल क्षेत्रों में विशेष मेगा हैल्थ शिविर लगाने के लिए जिला प्रशासन के निर्देश दिए है। उपमुंख्यमंत्री के निर्देशों पर क्रियान्यन शुरू हो गया है। कलेक्टर ने बताया कि 19 जुलाई को वंनालच के बडे गांव ग्राम झलमला में मेगा हैल्थ शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके बाद जिले के सभी बड़े वनांचल सेक्टरों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए सीएमएचओ को शिविर के आयोजन के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए है।

# सरकारी स्कूल छोड़ छात्र-छात्राओं को निजी स्कूलों में करा रहे प्रवेश

## पालकों का ध्यान अब सरकारी स्कूलों से मोह भंग हो रहा



हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

आज के आधुनिक युग में शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों मे कई निजी स्कूल संचालित किया जा रहा है। जिसमें पालक गण अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए शहर सहित क्षेत्र के अभिभावक सरकारी स्कूल छोड़ निजी स्कूलों में दाखिला करा रहें ताकि उनका भविष्य व आगे बढ़ सके। प्राप्त जानकारी के जिले के विकासखंड पंडरिया के ऐसे कई सरकारी स्कूल संचालित होती है। जहां अब गरीब व अमीर अभिभावक गण व पालक गण का मोह भंग होते दिखाई दे रहा है। वहीं धीरे-धीरे अपने बच्चों को निजी स्कूलों में हजारों रुपए खर्चकर प्रवेश तथा निजी स्कूलों में ज्यादा विश्वास जताया जा रहा है। जिसमें शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी स्कूल से निजी स्कूलों में विद्यार्थियों ने अलग-अलग कक्षाओं में दाखिला लिया है।

### शासन प्रशासन की सुविधाओं के बाद भी सरकारी स्कूलों में रूझान नही

सरकारी स्कूलों में शासन प्रशासन द्वारा कक्षा 1ली से 8वीं तक निःशुल्क भोजन, पाठ्य पुस्तक, गणवेश व मध्यान भोजन ऐसे कई योजनाएं शासन प्रशासन द्वारा निःशुल्क छात्र छात्रओं को उपलब्ध कराया जता है उसके बाद भी सरकारी स्कूलों में अभिभावक इस ओर रूझान नहीं दिखा रहें है। इसके अलावा छात्र छात्राओं को छात्रावृत्ति प्रदान कि जाती है। इससे बाद भी शहर व क्षेत्र के पालक गण अपने बच्चों को निजी स्कूलों में शिक्षा दिलाने का मन बना चुके हैं। अब सरकारी स्कूलों में पिछले वर्ष की अपेक्षा विद्यार्थियों की संख्या कम हो गई है।

### लोभ-लुभावने के कराण निजी स्कूलों में बढ़ा प्रवेश

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार निजी स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा शिक्षा सत्र के पहले ही अभिभावकों के मन में लोभ-लुभावने व गांव में डेरा-डाल देते हैं और घर-घर जाकर निजी स्कूलों में दाखिला करने के लिए बार-बार पालक को प्रेरित किया जाता है।

### फसल बीमा की अधिसूचना जारी, अंतिम तिथि 31 जुलाई तक

**हरिभूमि कवर्धा।** कृषकों के फसल को प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ़, जलप्लावन, कीटव्याधि, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से कृषकों को होने वाले नुकसान से राहत दिलाने के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी कर दी गई है। जिले के किसान मुख्य फसल धान सिंचित, धान अंसिंचित एवं अन्य फसल-मक्का, सोयाबीन, अरहर, मूंग, कोदो, कुटकी, रागी, मूंगफली एवं उड़द का बीमा करा सकते हैं।

**बीमा में शामिल किये जाने वाले कृषकः** योजनांतर्गत सभी ऋणी एवं अऋणी कृषक जो भू-धारक व बटाईदार हो सम्मिलित हो सकते है, जो किसान अधिसूचित ग्राम में अधिसूचित फसल के लिए वित्तीय संस्थानां से मौसमी कृषि ऋण स्वीकृत, नवीनीकृत की गई हो, अनिवार्य रूप से सम्मिलित होंगे। इनके अलावा ऐच्छिक आधार पर अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी गैर ऋणी कृषक जो योजना में सम्मिलित होने के इच्छुक हो वे आधार कार्ड, बैंक पासबुक, बी-1, खसरा एवं स्व-प्रमाणित फसल बोआई प्रमाण-पत्र दस्तावेज प्रस्तुत कर योजना में सम्मिलित हो सकते है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत मौसम खरीफ वर्ष 2024-25 तक जिले के लिये बजाज एलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमि. को निविदा के आधार पर चयनित हुआ है। **बीमा जोखिम** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत जोखिमां में बीमा आवरण उपलब्ध होगा। बाधित बुआई, रोपण जोखिम-बीमित क्षेत्र में कम वर्षा, प्रतिकूल मौसमी दशाओं के कारण बुआई, रोपण क्रिया न होने वाली हानि से सुरक्षा प्रदान करेगा। फसल कटाई के उपरांत होने वाले नुकसान, अधिसूचित फसलां के कटाई उपरांत सूखने लिए खेत में छोड़ी गई फसल को चक्रवात, चक्रवातीय वर्षा एवं बेमौसमी वर्षा से होने वाले नुकसान के लिये कटाई उपरांत अधिकतम दो सप्ताह अर्थात 14 दिनों के लिए बीमा का प्रावधान होगा। **स्थानीयकृत आपदाएं**-अधिसूचित क्षेत्र में फसलों को प्रभावित करने वाली ओला वृष्टि एवं जल भराव के अभिचिंहित स्थानीयकृत जोखिमां से होने वाले क्षति से सुरक्षा प्रदान करेगा। **कृषकों द्वारा प्रदाय की जाने वाली प्रीमियम दर** किसानां द्वारा प्रीमियम राशि देय है। प्रीमियम राशि देय के रूप में प्रति हेक्टेयर धान सिंचित फसल के लिए 1200 रूपए, धान असिंचित के लिए 900 रूपए, सोयाबीन के लिए 960 रूपए, मक्का के लिए 900 रूपए, कुटकी के लिए 340 रूपए, कोदो के लिए 320 रूपए, मूंगफली के लिए 840 रूपए, मूंग एवं उड़द के लिए 540 रूपए, तुअर (अरहर) 760 रूपए एवं रागी फसल 1 प्रतिशत की दर से 150 रूपएप्रति हेक्टेयर बीमा प्रीमियम दर देय होगा। **कृषको के लिए महत्वपूर्ण बिंदू** एक की अधिसूचित क्षेत्र एवं अधिसूचित फसल के लिए अलग-अलग वित्तीय संस्थाओं से कृषि ऋण स्वीकृत होने की स्थिति में कृषक को एक ही स्थान से बीमा कराया जाना है। इसकी सूचना कृषक को संबंधित बैंक को देनी होगी। ऋणी एवं अऋणी कृषकों के द्वारा समान रकबा, खसरा का दोहरा बीमा कराने की स्थिति में कृषक के समस्त दस्तावेज को निरस्त करने का अधिकार बीमा कंपनी के पास होगा। किसानां से अपील की जाती है कि निर्धारित अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 के पूर्व अपने फसलों का बीमा अवश्य कराये। इसके लिए अपने समिति, संबंधित बैंक, बीमा प्रदायक कंपनी (बजाज एलियांज़ जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमि.), लोक सेवा केन्द्र सें अपने फसलों का बीमा करा सकते है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार पिपरिया तहसील पिपरिया जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

ईकोर्ट प्रकरण क्रमांक 202406081800022/अ-6/ वर्ष 2023-24
ग्राम-झिरौनी प.ह.नं.-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अम्बिका सिंह चन्द्रवंशी पिता स्व. चतुर सिंह चन्द्रवंशी निवासी ग्राम झिरौनी तहसील पिपरिया द्वारा फौती नामांतरण दर्ज कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। ग्राम झिरौनी स्थित भूमि खसरा नंबर 179 रकबा 0.899 हे. भूमि द्रोपतीबाई बेवा चतुरसिंह के नाम पर दर्ज है। खातेदार द्रोपती बेवा चतुरसिंह की मृत्यु दिनांक 16.05.2017 को हो चुकी है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर मेरे समक्ष लिखित रूप से पेशी तारीख 24.07.2024 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात के दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 08.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलीन की मुहर से जारी किया गया।
पेशी दिनांक - 24.07.2024

मुहर — नायब तहसीलदार पिपरिया

**न्यायालय नायब तहसीलदार पिपरिया तहसील पिपरिया जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

ईकोर्ट प्रकरण क्रमांक 202406081800021/ अ-6/ वर्ष 2023-24
ग्राम-झिरौनी प.ह.नं.-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अम्बिका सिंह चन्द्रवंशी पिता स्व. चतुर सिंह चन्द्रवंशी निवासी ग्राम झिरौनी तहसील पिपरिया द्वारा फौती नामांतरण दर्ज कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। ग्राम झिरौनी स्थित भूमि खसरा नंबर 14/6, 95/5 रकबा क्रमशः 2.025, 2025 हे. भूमि द्रोपती बेवा चतुरसिंह शिवकुमार अंबिका सिंह पी0 चतुर सिंह के सयुक्त नाम पर दर्ज है। खातेदार द्रोपती बेवा चतुरसिंह की मृत्यु दिनांक 16.05.2017 को हो चुकी है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर मेरे समक्ष लिखित रूप से पेशी तारीख 24.07.2024 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात के दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 08.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलीन की मुहर से जारी किया गया ।
पेशी दिनांक - 24.07.2024

मुहर — नायब तहसीलदार पिपरिया

**एक पेड़ मां के नाम अभियान ने गांव-गांव में पकड़ा जोर**

# पौधरोपण करने आगे आए ग्रामीण और बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

ग्राम पंचायत लक्ष्मण भरदा में एक वृक्ष मां के नाम अभियान के तहत जिला भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष हिरेंद्र कुमार साहू सहित ग्रामीणों ने पौधे लगाए। इस मौके पर श्री साहू ने कहा कि पौधे लगाकर अपने जीवन के लिए ऑक्सीजन से प्राप्त कर सकते है। बिना ऑक्सीजन के जीवन की कल्पना करना बेमानी है। उन्होंने पौधे लगाने के साथ बच्चों के समान 5 साल तक देखभाल करने का आव्हान किया। इस मौके पर महेश दास सोनवानी, सरपंच, सचिव ललित बकरे, महाबति नेताम, भूषण नेताम आदि उपस्थित थे।

### तरुमित्रों ने चांदो में रोपे पौधे



छुरिया ब्लाक के ग्राम चांदो में गायत्री परिवार के युवा कार्यकर्ताओं ने श्रीराम स्मृति उपवन में पौधरोपण अभियान चला कर करीब 500 पौधों का रोपण किया गया। प्रत्येक पौधे की देखरेख के लिए युवाओं को तरुमित्र बनाया गया है। उपवन में पिछले वर्ष रोपित 1200 पौधों की निराई गुड़ाई कर खाद दवाई दिया गया। तरुमित्रों के प्रयास से श्रीराम स्मृति उपवन हराभरा दिखाई देने लगा है। अभियान में सुरेश यादव, होरीलाल साहू, निरंजन साहू, टोमन साहू, संदीप देवांगन, लिलेश देवांगन, गीताराम साहू, सुरेंद्र कोसमा, काशी देवांगन, अमन साहू, सुरेश पटेल, लीलम माली, कृष्णा पटेल, देवा माली, गिरधर माली, शेखर माली, नितेश वैष्णव, रोशन निषाद, देवेश्वरी भुआर्य आदि शामिल हुए।

**डोंगरगढ़।** प्राथमिक शाला रूवातला में गत दिनों इको क्लब का गठन करने के साथ शाला परिसर में पौधरोपण किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना किया गया। सर्वसम्मति से प्रधानमंत्री सीमा वर्मा, शिक्षा मंत्री नारायण वर्मा, खेल संस्कृति एवं खादय मंत्री संजना वर्मा, कृषि एवं पर्यावरण मंत्री खिलेश्वरी खुटेल, सुरक्षा एवं जनसंपर्क मंत्री नितिन कुमार साहू को चुना गया। शाला नायक नारायण वर्मा तथा शाला नायिका दिव्या वर्मा को चुना गया। इस दौरान बच्चों को घर के आंगन, बाड़ी अथवा रोड के किनारे पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर प्रधानपाठक बंदिश नेमपाण्डे, राजेश पंचभाई, नीतू वर्मा, लोकमती वर्मा आदि उपस्थित थे।

**पाठक सूचना**

कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425554555, 8889139071

## खबर संक्षेप




### परिवहन विभाग की कार्रवाई लगातार जारी

**कवर्धा।** कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर परिवहन विभाग द्वारा आकस्मिक निरीक्षण कर परमिट शर्तों का उल्लंघन, बिना परमिट, बिना फिटनेस तथा बगैर टैक्स भुगतान किए बिना संचालित यात्री बसों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिला परिवहन अधिकारी मोहन लाल साहू और परिवहन निरीक्षक आरसी कुंजाम के द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से कुल 28 वाहनों पर मोटर यान अधिनियम के तहत 96 हजार 800 रुपए की चलानी कार्यवाही की गई। जिसमें 5 पिकअप वाहन सवारी परिवहन करने, 10 वाहन ढाबा किनारे राष्ट्रीय राजमार्ग में अवैध पार्किंग करने पर, 8 अनफिट वाहन, 3 यात्री बस परमिट शर्तों के उलंघन करते पाए जाने पर और 2 स्कूल बस पर कार्यवाही किया गया।

### भोरमदेव पदयात्रा को लेकर कलेक्टर की अपील

**कवर्धा।** सावन महीने के प्रथम



सोमवार 22 जुलाई को बुढ़ा महादेव मंदिर से भोरमदेव मंदिर तक जिला प्रशासन द्वारा आयोजित पदयात्रा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए कलेक्टर जनमेजय महोबे ने नागरिकों को संदेश प्रसारित किया है। कलेक्टर ने अपने संदेश में कहा है कि "प्रिय नागरिकगण, जैसा कि आपको विदित ही है कि सावन माह के प्रथम सोमवार को प्रतिवर्ष कवर्धा शहर के प्रसिद्ध बुढ़ा महादेव मंदिर से भोरमदेव शिव मंदिर तक पदयात्रा का आयोजन किया जाता है, जिसमें जिले के समस्त नागरिकों द्वारा भाग लिया जाता है। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन माह के प्रथम सोमवार 22 जुलाई को बुढ़ा महादेव मंदिर से भोरमदेव मंदिर तक पदयात्रा का आयोजन प्रातः 7 बजे से प्रारंभ होगा। आप समस्त प्रिय नागरिकगणों से अपील है कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी अधिक से अधिक संख्या में इस पदयात्रा में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### मोहर्रम के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित

**कवर्धा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जनमेजय महोबे ने छत्तीसगढ़ आबकारी नियम के तहत 17 जुलाई को मोहर्रम के अवसर शुष्क दिवस घोषित है। कलेक्टर ने उक्त तिथि को जिले में स्थित समस्त देशी/विदेशी मदिरा, कम्पोजिटी मंदिरा दुकाने, एफ.एल. 3 (ग) पर्यटन बार, मद्य भंडारण भाण्डागार एवं मदिरा दुकानों के संलग्न आहता दुकानों को को पूर्णरूप से बंद रखने निर्देशित किया है। उन्होंने जिले के संभावित अवैध मदिरा अड्डों पर सतत निगरानी एवं नियंत्रण रखकर मादक पदार्थों की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित रखने के भी निर्देश दिए है।

### राज्य स्तरीय चयन के लिए ट्रायल 17 से

**कवर्धा।** कवर्धा खेल व युवा कल्याण विभाग रायपुर जिले में आवासीय बालिका हॉकी खेल अकादमी इस सत्र 2024-25 से शुरू कर रहा है। खेल अकादमी में खिलाड़ियों के चयन के लिए राज्य स्तरीय ट्रायल का आयोजन 17 से 19 जुलाई तक सुबह 7 बजे से किया जाएगा। इसमें राज्य की बालिका हॉकी खिलाड़ी व अन्य राज्य के 13-17 आयु वर्ग के खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं। प्रथम क दिवस खिलाड़ियों का पंजीयन, ज दस्तावेज परीक्षण, चिकित्सकीय ग परीक्षण, शारीरिक दक्षता परीक्षण स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा,रायपुर में व द्वितीय, तृतीय दिवस खेल कौशल परीक्षणरायपुर में होगा।

---

**समस्या:** छत्तीसगढ़ सीमा और मध्यप्रदेश के ग्राम मंगली के बीच पुल क्षतिग्रस्त, लगाना पड़ रहा लंबा फेरा

# पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण रायपुर-जबलपुर मार्ग पर आवागमन अनिश्चितकाल के लिए प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा/चिल्फी

वैसे तो जिले से गुजरने वाला जबलपुर-रायपुर नेशनल हाईवे 30 आए दिन जाम होते ही रहता है और कुछ घंटों के जाम के बाद स्थिति सामान्य भी हो जाती थी। लेकिन इस बार छत्तीसगढ़ की सीमा से मध्यप्रदेश के ग्राम मंगली के बीच नेशनल हाईवे-30 में बने एक पुल के क्षतिग्रस्त हो जाने कारण दो राज्यों को जोडऩे और चौबिसों घंटे आमदरफ्त वाला यह मार्ग अनिश्चितकाल के लिए बंद हो गया है। बताया जा रहा है कि मार्ग में निर्मित पुल के क्षतिग्रस्त होने की सूचना के बाद बीते रविवार को मध्यप्रदेश के नेशनल हाईवे प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त पुल की जांच की और पुल की खस्ताहाल तथा जर्जर स्थिति को देखते हुए मार्ग में आवागमन अनिश्चितकाल के लिए पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया। जिसके कारण अब इस मार्ग से होकर आने जाने वाले वाहन चालकों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि रविवार को पुल के क्षतिग्रस्त होने के बाद मार्ग में आवागमन प्रतिबंधित करते ही जबलपुर की और रायपुर और रायपुर की ओर से जबलपुर की आने जाने वाली सैकड़ों छोटी बड़ी वाहनो की लम्बी कतारे लगानी शुरू हो गई। बाद में इस भारी जाम औरनेशनल हाईवे 30 के आवागमन को देखते हुए मध्यप्रदेश प्रशासन ने वैकल्पिक मार्ग की सूची जारी की है। लेकिन दूसरे राज्यों से आने वाले वाहन चालकों को न तो इन वैकल्पिक मार्गो की सटीक जानकारी है और न ही ये वैकल्पिक मार्ग उतने सुलभ और कम दूरी के है जितना की जबलपुर-रायपुर नेशनल हाईवे-30 है। कुल मिलाकर कहना गलत नहीं होगा कि अब कुछ दिनो तक जबलपुर-रायपुर नेशनल हाईवे 30 से होकर मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ से मध्यप्रदेश आने जाने वाले यात्रियों को लम्बा फेरा लगाना पड़ेगा।







### परिवर्तित मार्ग का उपयोग करने अपील

मध्यप्रदेश जिला प्रशासन ने जनसामान्य के लिए जो परिवर्तित मार्ग निर्धारित किया है उसके मुताबिक जबलपुर से बिलासपुर जाने वाले भारी वाहन बरेला, शहपुरा, डिंडौरी मार्ग से बिलासपुर जा सकेंगे। जबलपुर से रायपुर जाने वाले भारी वाहन बरेला, शहपुरा, डिंडौरी, कबीरधाम, बेमेतरा होते हुए रायपुर जाएंगे अथवा जबलपुर से बरेला, शहपुरा, डिंडौरी, बिलासपुर होते हुए रायपुर जा सकेंगे। मंडला से बिलासपुर जाने वाले भारी वाहन जबलपुर, बरेला, शहपुरा, डिंडौरी होते हुए बिलासपुर जाएंगे। रायपुर जाने वाले भारी वाहन मंडला से जबलपुर, बरेला, शहपुरा, डिंडौरी, कबीरधाम, बेमेतरा होते हुए रायपुर जाएंगे अथवा मंडला से जबलपुर, बरेला, शहपुरा, डिंडौरी, बिलासपुर होते हुए रायपुर जा सकेंगे। रायपुर एवं बिलासपुर जाने वाले छोटे वाहन मंडला, अंजनिया, मोतीनाला के नटराज होटल के नजदीक से डायवर्सन प्वाईंट, गढ़ी, बैहर, बिरसा, साल्हेटेकरी होते हुए जाएंगे। मंडला से रायपुर, बिलासपुर जाने वाले छोटे वाहनों के लिए मंडला से बिछिया, घुटास, समनापुर, डिंडौरी, अमरकंटक, गोरेलापेंडरा, मरवाही होते अथवा मंडला से बम्हनी, चिरईडोंगरी, टाटरी, बैहर, बिरसा, साल्हेटेकरी होते हुए भी जा सकते हैं। जिला प्रशासन मंडला द्वारा सभी यात्रियों से सुधार कार्य पूर्ण होने तक एनएच 30 पर यात्रा नहीं करने की अपील की गई है।

### पुल में नहीं लगा ईमानदारी का सीमेंट

यहां बताना लाजिमी होगा कि इस पुल के निर्माण को अभी कोई ज्यादा वक्त नहीं हुआ है। महज 7-8 साल पहले ही नेशनल हाईवे के साथ इस पुल का निर्माण कराया गया था। लेकिन आरोप है कि संबंधित विभाग और उसके ठेकेदार द्वारा पुल निर्माण में ईमानदारी का सीमेंट नहीं लगाया गया और निर्माण कार्य में जमकर बरती गई अनियमितता के चलते ही नेशनल हाईवे में बना यह पुल वक्त से पहले ही जर्जर और खस्ताहाल होकर आल लोगों के लिए समस्या खड़ी कर रहा है। क्षेत्रवासियों ने शासन से इस निर्माण की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ ठोस कार्यवाही किए जाने तथा पुल की जल्द से जल्द बरम्मत कराकर मार्ग बहाल कराए जाने की मांग की है।

---

# स्वास्थ्य विभाग को किसी बड़े घटना का इंतजार है?

## आधा दर्जन गांवों की जिम्मेदारी सिर्फ पांच कर्मचारियों पर




- जरूरतमंद मरीजों को नहीं मिल पा रहा है समुचित ईलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭कोदवागोड़ान

बरसात का मौसम शुरू होते ही जिले के कुछ वनवासी अंचलों में डायरिया सहित मौसमी बीमारियों के प्रकोप का कहर देखने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग इस वनांचल की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर कतई गम्भीर नहीं दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि पंडरिया विकास खण्ड अंतर्गत आने वाले इस वनवासी अंचल स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छीरपानी तथा उप स्वास्थ्य केंद्र कोदवा गोडान का संचालन काफी लंबे अर्से से केवल कामचलाऊ कर्मचारियों के भरोसे किया जा रहा है। एक ओर जहाँ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छीरपानी में कुल स्वीकृत 12 कर्मचारियों की जगह केवल 5 कर्मचारी ही कार्यरत हैं वहीं वनांचल के मुहाने पर स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र कोदवा गोडान भी लगभग साल भर से सिर्फ दो महिला कर्मियों के भरोसे चल रहा है। इनमें से एक केन्द्र प्रभारी तथा एक ए एन एम है! सूत्रों के अनुसार काफी जद्दोजहद के बाद गत वर्ष यहाँ एक पुरुष स्वास्थ्य कर्मी की नियुक्ति की गई थी किन्तु उसकी लगातार अनुपस्थिति और कर्तब्यों में कोताही के चलते अन्यंत्र संलग्न कर दिए जाने के बाद वर्तमान में यहाँ एक भी पुरुष कर्मी नहीं है। इसी प्रकार इस केंद्र की अन्य महिला कर्मियों के रिक्त पदों पर अभी तक कोई नियुक्ति नहीं किए जाने से यहां की स्वास्थ्य ब्यवस्था काफी चरमरा गईं है!यहाँ बताना लाज़मी होगा कि इस सम्बंध में हरिभूमि द्वारा इसके पहले भी शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कर त्वरित समाधान के लिए समाचार प्रकाशित किए गए थे किंतु विभाग के कान में जूं तक नहीं रेंगा,और अभी तक स्वास्थ्य केंद्रों में यथास्थिति बनी हुई है। बता दें कि वैसे भी यह इलाका वनांचल होने के नाते मौसमी और संक्रामक बीमारियों को लेकर पहले से ही संवेदनशील रहा है, अतः यहाँ की स्वास्थ्य व्यवस्था को हमेशा ही चुस्त दुरुस्त रखा जाना चाहिए ताकि किसी भी तरह की बीमारी के संभावित खतरों से लोगों की जान माल को बचाया जा सके।

### डिप्टी सीएम और कलेक्टर के स्पष्ट निर्देश

ग्राम सोनवाही में हुई उल्टी दस्त के प्रकोप के बाद स्थिति का जायजा लेने और पीड़ितों से मिलने आए डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने वनवासी अंचलों में मौसमी एवं संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाने और स्वास्थ्य शिविर लगाने के स्पष्ट निर्देश भी दिए थे। इन सबके बावजूद अंचल के स्वास्थ्य केंद्रों की बदहाली में सुधार नहीं होने से सवाल उठना लाजमी है कि क्या विभाग को यहाँ भी किसी अप्रिय घटना का इंतिजार है ?

### योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए लक्ष्य निर्धारित

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के आर्थिक विकास के लिए क्रियान्वित अंत्योदय एवं आदिवासी स्वरोजगार योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 के लिए जिले को 408 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसकी प्रति ईकाई लागत 0.50 लाख रूपए है। लक्ष्य में दर्शित ऋण राशि न्यूनतम है, अधिकतम ऋण स्वीकृति बंधनकारी नहीं है। इन वर्गो के 33 प्रतिशत महिला हितग्राहियों का चयन करते हुए, 20 प्रतिशत कृषि एवं भूमि विकास, 10 प्रतिशत लघु एवं कुटीर उद्योग, 10 प्रतिशत परिवहन, 60 प्रतिशत सेवा क्षेत्र में लाभान्वित किया जाना है। जिला अंत्यावसायी सह. विकास वि समिति के कार्यपालन अभियंता श्री उत्तम ठाकुर ने बताया कि जिले को प्राप्त लक्ष्य बैंक शाखावार विभाजन कर प्रेषित किया जा रहा है। लक्ष्य पूर्ति के लिए लक्ष्य से दोगुना प्रकरण तैयार कर इस योजना के अंतर्गत बेकरी कार्य, भोजन बनाना, चाट की दुकान, इंग्लिश कोचिंग क्लासेस एवं स्व-सहायता समूह का लेखा संधारण, हेयर कटिंग सेलून, ब्यूटी पार्लर, चाय केंटिंग एवं नाश्ता केन्द्र, योग शिक्षा, बच्चो की देखभाल (झुलाघर), लॉडीकार्य, रफूगिरी एवं रंगाई कार्य, घड़ी साज, विद्युत यंत्र सुधारक, साइकल मरम्मत, स्कूटर मोपेड टू व्हीलर रिपेरिंग, घर की साज सभांल, बागवानी एवं नर्सरी, पशु पालन एवं मुर्गी पालन, फुटकर विक्रेता, मसाला उद्योग, कृत्रिम आभूषण निर्माण एवं व्यवसाय, इलेक्ट्रानिक मोटर पंप मरम्मत व्यवसाय, चाट निर्माण, मोमबत्ती निर्माण आदि व्यवसाय को भी सम्मिलित किया जाएं।

---

# कोलेगांव के पंचों ने सरपंच के खिलाफ पेश किया अविश्वास प्रस्ताव

- लगाए भ्रष्टाचार, मनमानी सहित अन्य आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव




विकासखण्ड पंडरिया की ग्राम पंचायत कोलेगांव के सरपंच के विरूद्ध कई गंभीर आरोप लगाते हुए ग्राम कोलेगांव के 11 पंचों ने एक बार फिर बकायदा अनुविभागीय कार्यालय पंडरिया पहुंचकर अविश्विास प्रस्ताव पेश किया है। अविश्वास प्रस्ताव को लेकर अनुविभागीय अधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में पंच पार्वती साहू, दसरू साहू, यशोमति शर्मा, इन्द्राणी साहू, कामिनी, कुंती बाई, उर्वशी सहित अन्य पंचों ने ग्राम पंचायत के सरपंच पर शासन द्वारा स्वीकृत विकास एवं निर्माण कार्यो में आर्थिक अनियमिता बरतने, पंचों को बगैर विश्वास में लिए मनमानी पूर्वक निर्णय लिए जाने, पंचायत प्रतिनिधियों को किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं दिए जाने सहित गंभीर आरोप लगाए है। हालांकि स्थानीय ग्रामीणों की माने तो ग्राम पंचायत कोलेगांव के पंचों द्वारा इससे पूर्व भी करीब साल भर पहले सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। जिसकी के लिए अनुविभागीय अधिकारी द्वारा बकायदा तिथि भी मुकर्र की गई थी। लेकिन एन अविश्वास प्रस्ताव की कार्यवाही के पूर्व भगवान जाने सरपंच तथा पंचों के बीच क्या सांठगांठ हुई कि अविश्वास प्रस्ताव की कार्यवाही निरस्त हो गई और अब उन्हीं पंचों द्वारा एक बार फिर से सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया गया है। देखने वाली बात होगी की इस बार क्या होगा।

## नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाला आरोपी उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार

- पीड़ित पिता की रपट पर तरेगांव जंगल पुलिस ने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले की तरेगांव जंगल पुलिस ने पीड़ित पिता की रपट पर उनकी नाबालिक बेटी को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने वाले एक आरोपी को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है वहीं नाबालिक युवति को आरोपी के चंगुल से छुड़ाकर परिजनो के हवाले करने में सफलता हांसिल की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तरेगांव थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण ने थाना आकर रपट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिक पुत्री को उसके गांव का युवक अजय कुमार पिता सतीश कुमार आयु 23 वर्ष शादी का झांसा देकर तथा बहला फुसलाकर भगा ले गया है। इस सूचना के बाद तरेगांव पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक-10/2024 के तहत मामला पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया। तरेगांव थाना प्रभारी राजेश ने बताया कि विवेचना के दौरान मामले की जांच कर रही पुलिस टीम को इस बात की सूचना मिली की आरोपी अजय कुमार पिता सतीश कुमार आयु 23 वर्ष युवति को भगाकर ग्राम बन्ती खेड़ा (रविदास मोहल्ला), जिला शामली उत्तर प्रदेश ले गया है। इस सूचना के बाद पुलिस टीम ने उत्तर प्रदेश पहुंचकर आरोपी के ठिकाने में दबिस दी और आरोपी को नियमानुसा धाराओं के तहत गिरफ्तार कर लिया वहीं युवति को उसके चंगुल से छुड़ाकर परिजनो के हवाले कर दिया। पूछताछ के दौरान युवति ने बताया कि आरोपी द्वारा मुझे नाबालिग जानते हुए भी शादी का प्रलोभन देकर बहला फुसला कर भगा ले गया था और लगातार दुष्कर्म करता था। इस कार्यवाही में थाना तरेगांव जंगल पुलिस टीम से सहायक उप निरीक्षक बोनीफास मिंज, प्रधान आरक्षक बिरेन्द्र बंजारे, आरक्षक रिखीराम मरकाम ने अपना सराहनीय योगदान दिया है।

## क्षतिग्रस्त विद्युत पोल दे रहे हैं दुर्घटना का न्योता



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी की कबीरधाम जिले में खस्ताहाल और लचर विद्युत व्यवस्था के बीच ग्राम इंदौरी से मतरूवा-चचेड़ी मार्ग में सड़क किनारे लगे हाई वोल्टेज विद्युत केवल दुर्घटना को न्यौता देते नजर आ रहे हैं। क्षेत्र के लोगों की माने तो इस मार्ग में सड़क किनारे खेतों लगे विद्युत क्षतिग्रस्त होकर एक तरफ झुक गए हैं बावजूद इसके इनमें अभी भी तार खिंचे हुए और विद्युत आपूर्ति जारी है। ऐसे में अगर बारिश के इस मौसम में पहले से क्षतिग्रस्त और झुके हुए विद्युत पोल गीली जमीन में धराशाही हो जाते हैं तो निश्चित रूप से लोगों के साथ मवेशियों के लिए जीवलेवा खतरा उत्पन्न हो सकता है। क्षेत्रीय ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में कई बार विद्युत विभाग को अवगत कराया जा चुका है तथा क्षतिग्रस्त विद्युत पोलों को दुरूस्थ कराए जाने की मांग की जा चुकी है लेकिन अभी तक विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जिसे देखकर ऐसा लगता है कि विभाग कोई गंभीर दुर्घटना का इंतजार कर रहा है। वैसे भी विभाग की ऐसी लारवाहियों से लगातार इंसानो और मवेशियों को अपनी जान गवानी पड़ रही है।

---

**उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत चलाया जा रहा है अभियान**

# जिले के तीस हजार असाक्षरों को किया जाएगा साक्षर



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण जनमेजय महोबे ने जिला स्तरीय बैठक में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की समीक्षा की तथा जिले के 30 हजार असाक्षरों को साक्षर बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए समय-सीमा में सर्वे और पोर्टल में एंट्री करने का निर्देश दिए। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के साथ साथ महत्वपूर्ण जीवन कौशल जिसके अंतर्गत डिजिटल, वित्तीय, कानूनी, मतदान एवं पर्यावरण आदि से संबंधित भी जानकारी प्रदान की जाएगी। उनमें व्यावसायिक कौशल का विकास भी करना है, उन्हें बुनियादी शिक्षा देने के साथ-साथ सतत शिक्षा के कार्यक्रम में बनाए रखना है। कलेक्टर ने जिला स्तरीय बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने आसपास के असाक्षरों की पहचान की जाए और साक्षरता विभाग को अवगत कराया जाए ताकि उन्हें भी सर्वे सूची में शामिल कर साक्षर बनाने का काम किया जा सके। कलेक्टर श्री महोबे ने जिला अधिकारियों को कहा कि हम सभी इस अभियान में स्वयंसेवी की भूमिका में रहेंगे तथा जहां भी हमें असाक्षर दिखाई पड़े उनका नाम दर्ज कराएंगे और उन्हें साक्षर बनाएंगे। कलेक्टर श्री महोबे और जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल ने उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की प्रचार सामग्री पोस्टर का विमोचन भी किया। इस दौरान जिला परियोजना अधिकारी अवधेश नंदन श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में जिले के सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# दो सालों से शिक्षक स्कूल से नदारद, लेकिन विभाग दे रहा वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के स्कूल शिक्षा विभाग में किस तरह अंधेर गर्दी चौपट राजा की कहावत चरितार्थ हो रही है इसकी एक बानगी जिले के जिले के विकासखण्ड बोड़ला के वनांचल ग्राम महाराजपुर डीह में देखने को मिल रही है।

बताया जाता है कि ग्राम महराजपुर डीह में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला में एक प्रधान पाठक संतोष मरावी सहित एक शिक्षक फत्ते सिंह धुर्वे पदस्थ है। लेकिन स्कूल में कार्यरत चौकीदार तथा रसोईया सहित स्थानीय ग्रामीणों तथा स्कूली बच्चों की माने तो स्कूल में पदस्थ शिक्षक श्री धुर्वे बीते करीब दो सालों से स्कूल से नदारत हैं। वहीं स्कूल प्रधान पाठक श्री मरावी में अपने मन के मालिक है। उनका कभी मन किया तो स्कूल आ जाते है नहीं तो वह भी अक्कसर स्कूल से गायब ही रहते है। हैरानी की बात यह है कि इस शिक्षक और प्रधान पाठक को बगैर स्कूल जाए भी विभाग बकायदा हर महिने वेतन का भुगतान कर रहा है। उससे भी हैरानी की बात यह है कि शिक्षक तथा प्रधान पाठक की इस घोरलापरवाही तथा शाला में अनुपस्थिति की शिकायत समय-समय पर संकुल प्रभारी द्वारा विभाग के आला अधिकारियों से की जाती रही है लेकिन विभाग द्वारा आज पर्यंत इनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की है। जिसे देखकर ऐसा लगता है कि विभाग के कुछ अधिकारियों की भी इस मामले में मिली भगत है।

### सिर्फ मध्यान्ह भोजन करने आते हैं बच्चे

बताया जाता है कि स्कूल से प्रधान पाठक तथा पदस्थ शिक्षक के अनुपस्थित रहने के कारण स्कूल की पढ़ाई लिखाई पूरी तरह से चौपट हो चुकी है। स्कूल में अध्यनरत बच्चे सिर्फ मध्यान्ह भोजन करने के लिए स्कूल आते हैं और मध्यान्ह भोजन करने के बाद वापस अपने घर लौट जाते हैं। ऐसे में अब इस भर्राशाही की शिकायत सामने आने के बाद प्रशासन कार्यवाही की बात कर रहा है।